


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 291

ग्वालियर, बुधवार, 15 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## मंदिर के इतिहास पर आधारित एक लघु फ़िल्म भी देखी

# प्रधानमंत्री मोदी निकले काशी भ्रमण पर देर रात गौदोलिया में जनता से हुए रूबरू

**वाराणसी।** मोक्ष नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र बनारस में दो दिवसीय दौरे पर है। 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ मंदिर का लोकार्पण करने के बाद सायंकाल में गंगा आरती और शिव दीप उत्सव देखने के बाद उन्होंने मां गंगा को प्रणाम कर लोगों का अभिवादन किया। दिन भर के व्यस्त कार्यक्रम के बाद सोमवार की रात पीएम मोदी अचानक शहर भ्रमण के लिए निकल पड़े। क्रूज में देर रात तक चली मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद रविदास घाट पर पीएम मोदी जलयान से उतरे, तो रवींद्रपुरी कालोनी होते आधी रात 12.20 बजे गोदौलिया पहुंच गए। पीएम चौराहे पर कार से उतर पैदल दशाश्वमेध घाट की ओर चल दिए। बता दे की, पीएम के गोदौलिया पहुंचने की जानकारी पहले से ही पुलिस प्रशासन को हो गई थी, इसलिए वहां की सुरक्षा व्यवस्था एकदम दुरुस्त कर दी गई थी, लेकिन पीएम मोदी तो सांसद के तौर पर रात को गोदौलिया पहुंचे थे।

फिर भला ऐसे में वे अपने प्रिय जनता से दूर कैसे रह सकते थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के सारे प्रोटोकाल को तोड़ दिया और जनता के बीच ऐसे ही बिना सुरक्षा के चले गए।



उन्होंने हाथ हिलाकर जनता को प्रणाम और उनका अभिनंदन किया। मोदी जब सड़क पर चल रहे थे तब पूरी काशी नगरी हर-हर महादेव..., के उद्घोष से गुंजायमन हो उठी। पीएम मोदी डेढ़सीपुल के पास पहुंचकर रुक गए। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कमीश्नर दीपक अग्रवाल से शहर में हो रहे विकास कार्यों के बारे में पूरी जानकारी ली। कमीश्नर दीपक अग्रवाल ने पीएम को बाढ़ के दिनों में गंगा का जल स्तर गोदौलिया तक आने की जानकारी से अवगत कराया। पीएम मोदी ने कमीश्नर की पीठ थपथपाई और कहा कि, जनसहयोग से दशाश्वमेध मार्ग समेत पूरे क्षेत्र को और भव्य बनाया जाए। इन सबके के दौरान डेढ़सीपुर से गोदौलिया चौराहे तक लौटते वक्त उनको देखने लिए लगी भीड़ में पीएम मोदी ने एक बच्चे के हाथ को पकड़कर उसे दुलारा। इतना ही नही बच्चें के भोलेपन को देखकर पीएम मोदी के साथ मौजूद सीएम योगी आदित्यनाथ भी खुद को नहीं रोक पाए और बच्चे को दुलारने लगे। बच्चा प्रणय सक्सेना राजस्थान से आया था। उसके पिता सौरभ सक्सेना के साथ मां भी मौजूद थीं। पीएम मोदी ने जब सौरभ से पूछा कि काशी में रात को भ्रमण कर रहे हैं। आपको किसी प्रकार का डर तो नहीं लग रहा है। इस पर सौरभ ने कहा कि बिल्कुल नहीं।

रात को भी पीएम मोदी बाबा दरबार भी गए और काशी विश्वनाथ धाम निर्माण व मंदिर के इतिहास पर आधारित एक लघु फ़िल्म भी देखी। फ़िल्म देखने के करीब 20 मिनट बाद पीएम मोदी जब मंदिर से बाहर निकले तो सीएम के साथ गोदौलिया से मैदागिन होते हुए कबीरचौरा से लहुराबीर चौराहे पहुंचे, फिर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के समीप से गुजरी सड़क से होते हुए चौकाघाट लकड़ी मंडी पहुंच गए। जहां से फ्लाइओवर होते हुए लहरतारा से मंडुआडीह स्थित बनारस रेलवे स्टेशन पहुंच गए। परिसर में दूसरे प्रवेश द्वार पर लगे रेल इंजन के मॉडल को बड़े ध्यान देखा। फिर स्टेशन प्लेटफार्म नंबर आठ पर पहुंच गए और वीआइपी लाउंज के अंदर भी गए। चारों ओर देखने के बाद बाहर निकल देर रात उनका काफिला वापस बरेका गेस्ट हाउस पहुंच गया।

## आधी रात स्टेशन पर निकले साथ अब एक ही कार में सवारी मोदी-योगी के संग से क्या संकेत



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी फिलहाल वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर हैं और इस दौरान उनकी सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। पिछले दिनों सीएम योगी के कंधे पर हाथ रखकर चलते हुए पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर सामने आई थी। अब एक बार फिर से दोनों नेताओं की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। सोमवार को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन करने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और बोटिंग की। इन सभी के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ उनके साथ बने रहे। यही नहीं भले ही काशी में एक दर्जन मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम का जमावड़ा लगा है, लेकिन आधी रात को सीएम गोदौलिया और बनारस रेलवे स्टेशन गए तो सीएम योगी को ही साथ ले गए। यही नहीं अब पीएम नरेंद्र मोदी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और डिप्टी सीएम की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी एक ही कार से पहुंचे, जिसे लेकर काफी चर्चाएं चल रही हैं। यही नहीं इस मीटिंग में बैठने के क्रम से भी कुछ संकेत मिलते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के दाईं ओर संगठन महामंत्री बीएल संतोष बैठे नजर आए तो उनके ठीक बगल में सीएम योगी आदित्यनाथ को जगह मिली। इसी तरह बाईं ओर जेपी नड्डा बैठे दिखे तो उनके बगल में शिवराज सिंह चौहान नजर आए। साफ संकेत था कि बड़े राज्यों के मुख्यमंत्री अथवा लोकप्रिय नेताओं को उनके कद के अनुसार बैठाया गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच की बॉन्डिंग बीते कुछ महीनों में बेहतर हुई है। खासतौर पर कोरोना काल में सीएम योगी आदित्यनाथ की सक्रियता और तमाम योजनाओं को लेकर उनकी तेजी से पीएम नरेंद्र मोदी खासे प्रभावित हुए हैं।

# बेहतर भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत जरूरी : मुख्यमंत्री श्री चौहान

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ऊर्जा संरक्षण दिवस पर की अपील

### मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं भी करते हैं बिजली बचाने का प्रयास

### ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रदेश में जारी है ऊर्जा साक्षरता अभियान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों से ऊर्जा की बचत के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 14 दिसंबर - राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के मौके पर ट्वीट किया है - ÷ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का निर्माण है।÷ मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि दैनिक जीवन के प्रत्येक



क्षेत्र में ऊर्जा की अनावश्यक खपत रोकने, ऊर्जा स्रोतों का संरक्षण करने तथा लोगों को इसके महत्व के बारे में जागरूक करने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य की सौगात प्रदान करें। बिजली बचाने के लिए प्रदेशवासियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 25 नवम्बर को ऊर्जा साक्षरता अभियान आरंभ किया गया है। अभियान में जन-जन के सहयोग से 10त्न बिजली बचाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा व्यक्तिगत रूप से भी बिजली बचाने का निरंतर प्रयास किया जाता है। इस संबंध में 3 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा था मैं अपने निवास में ट्यूबलाइट या बल्ब व्यर्थ जलता देखता हूँ तो स्वयं बंद करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बिजली बचत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## खास खबर

### गृह मंत्री डॉ. मिश्रा इटारसी में पुलिस आवासों का करेंगे लोकार्पण

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा बुधवार 15 दिसम्बर को इटारसी के दौरे पर रहेंगे। वे प्रातः 8:45 बजे भोपाल से इटारसी के लिये ट्रेन से प्रस्थान करेंगे। मंत्री डॉ. मिश्रा 10:15 बजे इटारसी पहुँचकर सर्किट हाउस के लिये प्रस्थान करेंगे। इटारसी में प्रातः 11:30 बजे वे पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित पुलिस आवासीय भवनों का लोकार्पण करेंगे। इसके पूर्व प्रातः 11:10 बजे गृह मंत्री डॉ. मिश्रा इटारसी स्थित पुलिस ऑफिसर्स क्वॉटर्स का निरीक्षण करेंगे। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा बुधवार को दोपहर 12 बजे विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीतासरन शर्मा के निवास पर जाएँगे। मंत्री डॉ. मिश्रा दोपहर 1:00 बजे ट्रेन से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### खंडहर में मिली अधेड़ की लाश, मचा हंडकप

**भोपाल।** राजधानी के टीटी नगर थाना इलाके मे स्थित जय भीम नगर खंडहर में 55 साल के अधेड़ की लाश मिलने से हडंकप मच गया। बताया गया है कि शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह से सड़ गया था। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिल करोसिया, जय भीम नगर में रहते हैं। बीती रात वह इलाके के एक खंडहर में शौच के लिए गए थे, तभी वहॉ उन्हें बहूत तेज दुर्गंध आई जब वो देखने के लिये खंडहर के अंदर की तरफ गये तो उन्हे खंडहर में सड़ी-गली हालत मे लाश नजर आई। उन्होंने घटना की जानकारी आसपास के लोगो सहित पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### 18 दिसंबर को अमेठी के एक दिन के दौरे पर आ रहे राहुल गांधी


**अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 18 दिसंबर को अमेठी के एक दिन के दौरे पर आ रहे है। इस दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहेंगी। प्रियंका उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। कांग्रेस के नेता ने इसकी जानकारी दी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी 18 दिसंबर को सुबह लखनऊ के अमौसी हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से अमेठी पहुंचकर एक दिन वहां रुकने वाले है। उन्होंने बताया कि अभी उनके दौरे का विस्तृत विवरण नहीं आया हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी से 55120 मतों चुनाव हारने के बाद दूसरी बार अमेठी के दौरे पर आ रहे हैं। राहुल 15 वर्षो तक यहां से सांसद रहे।कोरोना के दौरान भी राहुल ने राहत सामग्री भेजी थी उप्र विधान सभा चुनाव क़ो देखते राहुल गांधी का अमेठी का दौरा काफी अहम माना जा रहा है। अमेठी लोकसभा क्षेत्र गांधी परिवार का गढ़ कहा जाता था।


### विमान एयरपोर्ट 45 मिनट तक नहीं खुला गेट, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** विमान एयरपोर्ट पर आ चुकी थी, लेकिन उसका गेट 45 मिनट तक नहीं खुला।इसकारण विमान के अंदर लगभग पौने घंटे तक यात्री बंद थे,इससे काफी अफरा-तफरी मच गई। रायपुर से दिल्ली पहुंची इंडिगो के विमान का गेट नहीं खुलने पर यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई और इस बीच एक यात्री की तबीयत भी बिगड़ गई। हालांकि, विमान के सभी यात्री सुरक्षित है और विमान कंपनियों ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार देर रात को इंडिगों का विमान लैंड हुआ था लेकिन गेट न खुलने के कारण यात्रियों को विमान के अंदर 45 मिनट कर रहना पड़ा। इस बीच एक यात्री की तबीयत भी बिगड़ गई। बता दें कि,विमान में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल भी थे और उन्होंने इसकी शिकायत अपने ट्वीटर हैंडल पर इंडिगो एयरलाइंस व केंद्रीय उड्डयन मंत्री से की। उन्होंने विमान के अंदर की एक वीडियो भी पोस्ट की है। बंसल ने बताया कि, रविवार को रात पौने नौ बजे रायपुर से इंडिगों रकी फ्लाइट दिल्ली के लिए उड़ान भरी और रायपुर में भी विमान करीब आधा घंटा लेट हुआ था।

### झांसी में मृत महिला को लगाई गई वैक्सीन की दूसरी डोज

**झांसी।** एक बुजुर्ग महिला की कोरोना टीकाकरण की पहली खुराक लने के एक सप्ताह बाद मौत हो गई थी। दरअसल अब उनके बेटे के मोबाइल फोन पर मैसेज आया है कि उन्हें वैक्सीन की दूसरी खुराक मिल गई है। यह मामला सामने आने के बाद जिला टीकाकरण अधिकारी (डीआईओ) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मृतक 67 वर्षीय महिला को पहली खुराक अप्रैल 2021 में मिली थी और करीब एक हफ्ते बाद उनकी मौत हो गई थी। उनके बेटे को 9 दिसंबर को उनके मोबाइल फोन पर एक मैसेज मिला, जिसके माध्यम से उनकी मां को कोरोना टीकाकरण के लिए पंजीकृत किया गया था।

# साउथ अफ्रीका दौरे पर विराट कोहली वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे और रोहित टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं होंगे

**मुंबई।** साउथ अफ्रीका दौरे पर विराट कोहली और रोहित शर्मा एक साथ नहीं खेलेंगे। यह संयोग है या कप्तानी विवाद, लेकिन सच यही है कि साउथ अफ्रीका दौरे पर दोनों खिलाड़ी जाएंगे, लेकिन टेस्ट और वनडे में एक साथ नहीं उतरेंगे। भारत को सबसे पहले तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है, उसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। रोहित चोट की वजह से टेस्ट से बाहर हो गए हैं, जबकि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विराट वनडे से अपना नाम वापस ले रहे हैं। रोहित को हाल ही में विराट से वनडे की कप्तानी लेकर टीम इंडिया का कप्तान नियुक्त किया गया है। उसके बाद से ही खबरें आ रही हैं कि विराट कप्तानी छीने जाने से खुश नहीं हैं।

भारतीय टीम साउथ अफ्रीका दौरे के लिए 16 दिंसबर को रवाना होगी। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 26 दिसंबर से होगी। टेस्ट सीरीज में विराट कोहली टीम की कप्तानी करेंगे। वनडे सीरीज 19 जनवरी से खेला जाना है। टेस्ट टीम की घोषणा हो चुकी है, जबकि वनडे के लिए टीम की घोषणा होना बाकी है। इस बीच रोहित सोमवार को मुंबई में प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए। उनके हाथ में चोट लगी है। हालांकि, वनडे सीरीज तक उनके फिट होने की उम्मीद है। ब्क्ष्ष्टद्ध ने रोहित के टेस्ट सीरीज से बाहर होने की घोषणा करते हुए उनकी जगह गुजरात के बल्लेबाज प्रियांक पंचाल को टीम में शामिल किया है।

**वनडे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे विराटः** वनडे के लिए विराट की जगह रोहित को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। टेस्ट सीरीज के बाद 3 वनडे मैचों की सीरीज 19 जनवरी से होना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विराट कोहली अपनी बेटी वामिका के पहले बर्थडे पर परिवार के साथ रहना चाहते हैं। उनकी बेटी का बर्थडे 11 जनवरी को है। वहीं तीसरा टेस्ट भी 11 से 15 जनवरी के बीच खेला जाना है। रिपोर्ट के मुताबिक कोहली थर्ड टेस्ट के बाद अपने परिवार के साथ छुट्टी मनाने की योजना तैयार कर रहे हैं।



## रोहित कर चुके हैं विराट की तारीफ

रोहित शर्मा कप्तान बनने के बाद BCCI TV को दिए पहले इंटरव्यू में विराट की तारीफ कर चुके हैं। रोहित ने कहा , कोहली ने 5 साल तक भारतीय टीम को फ्रंट से लीड किया है। कोहली ने सभी मैचों में अपना बेस्ट देना चाहा। उनकी कप्तानी में टीम ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा है। मेरे लिए कोहली की कप्तानी में खेलने का अनुभव शानदार रहा। हम दोनों ने काफी क्रिकेट साथ में खेली है और हर मौके को एंजॉय किया है। हम आगे भी वैसा ही करेंगे। हमें एक टीम के तौर पर और बेहतर होना है और हमारा फोकस उसी पर है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### कोरोना संक्रमण के कारण ईपीएल का एक और मैच स्थगित

**लंदन** । कोरोना संक्रमण के नये संस्करण ओमीक्रॉन के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल (ईपीएल) का एक और मैच स्थगित करना पड़ा है। ईपीएल के तहत मैनचेस्टर युनाइटेड और ब्रेंटफोर्ड के बीच मैच होना था पर संक्रमण के डर से यह नहीं खेला गया। पिछले तीन दिन में यह दूसरा मैच है जो स्थगित हुआ है। इससे पहले रविवार तक 3805 खिलाड़ियों और क्लब स्टाफ की कोविड जांच में संक्रमण के करीब 42 मामले सामने आए थे। वहीं पिछले एक सप्ताह में ही 12 मामले बढ़े हैं। नॉर्विच क्लब और युनाइटेड के कुछ खिलाड़ी और स्टाफ के सदस्य भी संक्रमित पाये गये थे इसी कारण मंगलवार का मैच स्थगित किया गया है। इससे पहले टोटेनहम और ब्राइटन का मैच भी स्थगित कर दिया गया था क्योंकि उसके आठ खिलाड़ी पॉजिटिव पाए गए थे। इसके अलावा नॉर्विच और एस्टोन विला टीमों में भी संक्रमण के मामले मिले हैं। देश में ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए ही कोरोना महामारी से जुड़ी पाबंदियों को फिर बढ़ा दिया है।

### रूट में कप्तानी की क्षमता नहीं : मैकुलम


**क्राइस्टचर्च** । न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रैंडन मैकुलम ने कहा है कि इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट एक अच्छे बल्लेबाज जरुर हैं पर उनमें नेतृत्व क्षमता नहीं है। मैकुलम ने हालांकि रूट को एक अद्भुत व्यक्ति और एक उत्कृष्ट क्रिकेटर बताया है। मैकुलम ने कहा कि एशेज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड के पास कई अवसर आये थे पर वह उनका लाभ नहीं उठा पाया। मैकुलम ने कहा, मुझे लगता है कि रूट एक अद्भुत व्यक्ति है, एक उत्कृष्ट क्रिकेटर है और वे उसके बारे में एक बहुत अच्छे नेता के रूप में बात करते हैं। मैंने इसे वास्तव में नहीं देखा है। इंग्लैंड के पास कई अवसर थे पर वे उन्हें पकड़ नहीं पाये। इस कारण टीम का पर्याप्त मजबूत नहीं होना भी रहा जिससे थोड़ा भी दबाव पड़ने पर टीम ढ़ह गयी। मैकुलम ने यह भी कहा कि रूट विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में कहीं नहीं है क्योंकि वह मैच को अपनी पकड़ से दूर जाने देता है। मैकुलम ने कहा, मेरे अनुसार नेतृत्व केवल एक कप्तान के रूप में सही समय पर सही फैसला लेने में सक्षम होने के बारे में ही नहीं है , इसमें मैच पर अपनी पकड़ बनाना भी शामिल है। वहीं रूट इसमें विश्व के अन्य कप्तानों के सामने कहीं नहीं ठहरते।

### फ्रेंच ओपन टेनिस की पहली महिला निदेशक बनी मौरेस्मो

**पेरिस** । फ्रांस की पूर्व टेनिस खिला?ी एमेली मौरेस्मो फ्रेंच ओपन टेनिस की पहली निदेशक बनी हैं। मौरेस्मो इस टूर्नामेंट की पहली महिला निदेशक बनी हैं। टूर्नामेंट आयोजकों ने अपने एक ट्वीट में कहा, '' मौरेस्मो रौलां-गैरो टूर्नामेंट का नेतृत्व करने वाली पहली महिला हैं। वह दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता मौरेस्मो गाय फॉरगेट की जगह यह पद संभालेंगी। फॉरगेट 31 नवंबर को अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद निदेशक पद से हट गए थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी मौरेस्मो के नाम साल 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के साथ ही विंबलडन खिताब भी जीता है। मौरेस्मो ने कहा, ''मुझे रौलां-गैरो टीम में शामिल होने पर बहुत गर्व है। मैंने स्पष्ट महत्वाकांक्षा के साथ टूर्नामेंट निदेशक बनने जा रही हूं। मैं इसे उसी उच्च मानकों, स्वतंत्रता और जुनून के साथ आगे लेकर जाऊंगी, जिसने मुझे हमेशा प्रेरित किया है।

## विजय हजारे ट्रॉफी में भरत और हेब्बार के शतकों से जीता आंध्र

**नई दिल्ली** । विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीकर भरत और अश्विन हेब्बार के शानदार शतकों की सहायता से आंध्र ने विजय हजारे ट्रॉफी एक दिवसीय राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के ग्रुप ए के मैच में हिमाचल प्रदेश को 30 रन से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र ने चार विकेट के नुकसान पर 322 रन बनाए। वहीं भरत ने 161 रनों की लंबी पारी खेली जबकि दूसरे बल्लेबाज हेब्बार ने 100 रन की पारी में 132 गेंदों का सामना करके दस चौके लगाए। अनुभवी बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने भी अंतिम ओवरों में 14 गेंदों में 34 रनों की लंबी पारी खेली। वहीं दूसरी ओर हिमाचल की टीम 46 ओवर में 292 रन ही बना पायी। एक अन्य मैच में त्रिपुरा ने नगालैंड को 10 विकेट से हराकर चौथी जीत दर्ज की है। त्रिपुरा की ओर से अनुभवी एम मुरासिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया जिनके पांच विकेट की सहायता से टीम ने नगालैंड को 14 ओवर में 48 रनों पर ही आउट कर दिया।




बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक खेलों के पहले मशाल को पेश किया गया।

## गांगुली ने द्रविड़ की जमकर प्रशंसा की

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के नए कोच राहुल द्रविड़ की जमकर प्रशंसा की है। गांगुली और राहुल द्रविड़ जहां पहले टीम इंडिया की ओर से एकसाथ खेलते नजर आते थे। वहीं अब गांगुली जहां बीसीसीआई अध्यक्ष हैं, वहीं, द्रविड़ भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं। गांगुली ने कानपुर में खेले गए पहले टेस्ट को याद करते हुए कहा कि अभ्यास के बाद द्रविड़ स्वयं विकेट और गेंद उठाकर ड्रेसिंग रूम तक ले गए थे। कैमरामैन के लिए इससे अच्छा दृश्य और क्या हो सकता है। उन्होंने द्रविड़ को एक खुशमिजाज और कर्मठ व्यक्ति करार दिया है। गांगुली ने कहा कि वह द्रविड़ का पूरा सहयोग करेंगे। द्रविड का मुख्य कोच के तौर पर अनुबंद 2023 एकदिवसीय विश्व कप तक का है। इस दौरान भारतीय टीम दो आईसीसी. विश्व कप भी खेलेगी। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे में टेस्ट और एकदिवसीय मुकाबले खेलने हैं।

## कांबली ने दिए बल्लेबाजी के टिप्स





**मुंबई** । खराब फार्म से परेशान भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होने से पहले पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली से मुलाकात की है। इस दौरान रहाणे के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी थे। कांबली ने रहाणे को बल्लेबाजी के कुछ टिप्स दिए। अब देखना है रहाणे को इस मुलाकात का कितना लाभ मिलता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई घरेलू टेस्ट सीरीज भी रहाणे के लिए अच्छी नहीं रही थी। उस सीरीज में पहले टेस्ट की कप्तानी मिलने के बाद भी रहाणे रन नहीं बना पाये थे। जिसके बाद उन्हें टेस्ट की उपकप्तानी से भी हटा दिया गया। यह साल रहाणे के लिए अच्छा नहीं रहा है और वह 17 से भी कम के औसत से रन बना पाये हैं। रहाणे के साथ मुलाकात के दौरान कांबली के साथ उनका बेटा क्रिस्टियानो भी मौजूद था। कांबली ने फोटो ट्वीट करते हुए लिखा, %आगामी दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए रहाणे और ऋषभ को ट्रेनिंग में करने में मदद करने में खुशी हुई। दक्षिण अफ्रीका के हालातों के बारे में उन्हें कुछ टिप्स भी दिए। दोनों को शुभकामनाएं। क्रिस्टियानो को भी बहुत कुछ सीखने को मिला। वहीं इस दौरे से पहले टीम सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अपनी दादी मां से आशीर्वाद लेने पहुंचे। मयंक ने कहा कि वह अपनी दादी से टिका लगवाए बिना वह कोई मैच खेलने नहीं जाते। रोहित शर्मा के चोटिल

## व्यापारन्यूज

### सरकारी क्षेत्र के तीन बैंकों में दे दिन 16, 17 दिसंबर को रहेगी हड़ताल

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद, तीन और सरकारी बैंकों, पंजाब नेशनल बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और आरबीएल बैंक 16 और 17 दिसंबर को बैंक हड़ताल पर जा रहे है इसकी वजह से इन बैंकों के कामकाज पर असर पड़ेगा। पीएनबी ने स्टॉक एक्सचेंज को दिए गए एक बयान में कहा है कि बैंक ने अपनी शाखाओं और ऑफिस में सामान्य कामकाज के लिए इंतजाम किए हैं, लेकिन हड़ताल की वजह से बैंक के कामकाज पर असर पड़ सकता है। वहीं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा है कि उसने हड़ताल से निपटने के लिए सभी शाखाओं और दफ्तरों में सामान्य कामकाज के लिए मौजूदा गाइडलाइंस के सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। हालांकि हड़ताल की स्थिति में शाखाओं या ऑफिस के कामकाज पर असर पड़ सकता है। आरबीएल बैंक ने कहा है कि विरोध करने वाली यूनियनों से जुड़े उसके कर्मचारी हड़ताल में हिस्सा ले सकते हैं, जो कि इंडस्ट्री लेवल पर हैं, उनका बैंक स्तर के मुद्दों से कोई संबंध नहीं है। बैंक ने आगे कहा है कि हड़ताल के दिनों में बैंक की शाखाओं, दफ्तरों में सामान्य कामकाज के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। हालांकि हड़ताल की वजह से हमारी शाखाओं में कामकाज पर असर पड़ने के आसार नजर आ रहे हैं। इसके पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कहा था कि यूनाइटेड फोरम ऑफ इंडिया द्वारा बुलाई गई 16-17 दिसंबर को दो दिन की हड़ताल से बैंक के सामान्य कामकाज पर असर पड़ने की संभावना है।

### बीएमडब्ल्यू ने भारत में 1.16 करोड़ की आईएक्स इलेक्ट्रिक एसयूवी उतारी

**नई दिल्ली** । जर्मनी की लग्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने सोमवार को भारत में पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक एसयूवी 'आईएक्स' उतारी। इसकी शुरुआती कीमत 1.16 करोड़ रूपये रखी गई है और यह उन तीन इलेक्ट्रिक वाहनों में से पहली है जिन्हें कंपनी की अगले छह महीने के भीतर देश में उतारने की योजना है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने एक एक बयान में कहा कि इसे पूर्ण रूप से तैयार इकाई (सीबीयू) के रूप में आयात किया जाएगा और इसे देश के प्रमुख बड़े शहरों में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप या कंपनी की वेबसाइट के जरिये बुक किया जा सकता है। इस वाहन की आपूर्ति अप्रैल, 2022 से शुरू होगी। शुरुआती पेशकश में बीएमडब्ल्यू आईएक्स के साथ बीएमडब्ल्यू वॉलबॉक्स चार्जर भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि वह भारत के 35 शहरों में अपने डीलर नेटवर्क पर सभी टच पॉइंट पर फास्ट चार्जर भी लगाएगी। बीएमडब्ल्यू ने पिछले महीने घोषणा की थी कि अगले छह माह में भारत में तीन इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगी।

## एशियाई और अमेरिकी बाजारों में गिरावट

**टोक्यो** । एशियाई बाजारों की मंगलवार को गिरावट के साथ शुरुआत हुई है। एसजीएक्स निफ्टी में 166.00 अंक की गिरावट आई है। वहीं जापान का निक्केई करीब 0.48 फीसदी नीचे आया है। यह 28,504.15 के करीब है। वहीं, स्ट्रेट टाइम्स में 0.09 फीसदी की हल्की बढ़त आई है। ताइवान का बाजार 0.82 फीसदी गिरकर 17,621.49 के स्तर पर कारोबार कर रहा है जबकि हैंगसेंग 1.13 फीसदी की गिरावट के साथ ही 23,684.00 के स्तर पर पहुंचा है। वहीं कोस्पी में 0.61 फीसदी की गिरावट आई है पर शंघाई कम्पोजिट 0.52 फीसदी नीचे आया है। दूसरी ओर अमेरिकी बाजार गिरा है। यह गिरावट बिकवाली बढ़ने के कारण आई है। डाओ जोंस 300 अंकों से ज्यादा टूटा है। वहीं अमेरिकी बॉन्ड, डॉलर इंडेक्स में तेजी आई है। डॉलर इंडेक्स 96.32 पर पहुंचा है। इस बीच क्रिप्टो करेंसी में बिकवाली बढ़ी है।

## सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुले

**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार की मंगलवार को कमजोर शुरुआत हुई है। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट से बाजार नीचे आया है। शुरुआती कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 356.6 अंक करीब 0.61 फीसदी की गिरावट के साथ ही 57,926.82 पर पहुंच गया। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 98.35 अंक तकरीबन 0.57 फीसदी की गिरावट के साथ ही 17,269.90 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे ज्यादा करीब एक फीसदी नीचे आया है। इसके बाद एचडीएफसी, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, एम ऐंड एम, बजाज ऑटो और बजाज फिनसर्व के शेयर नीचे आये हैं। वहीं दूसरी ओर, पॉवर ग्रिड, डॉ. रेड्डीज, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर उछले हैं। वहीं गत



सत्र में सेंसेक्स 503.25 अंक जबकि निफ्टी 143.05 अंक नीचे आया था। इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली जारी रही और उन्होंने 2,743.44 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इससे भी भारतीय बाजार पर दबाव आया है जिसका परिणाम शेयर बाजार में देखा जा रहा है।

## नए साल में बढेगी टाटा की कारों की कीमतें

**नई दिल्ली** । नए साल में टाटा मोटर्स ने अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा कर दी है। कंपनी ने इनपुट कॉस्ट में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला किया है। कंपनी अपने पूरे पैसेंजर वीकल रेंज की कीमते बढ़ाएगी। टाटा के अलावा लग्जरी बाइक निर्माता ब्रैंड डुकाटी भी अपनी बाइक्स की कीमत बढ़ाने वाले हैं। टाटा के पैसेंजर वीकल पोर्टफोलियो में कई मॉडल्स हैं। नेक्सन, हेरीयर, सफारी, अल्ट्रॉज, टीगोर और टीयोगा जैसी कारें अब महंगी होने वाली हैं। नेक्सन ईवी और टीगोर ईवी जैसी इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारें भी कंपनी के पोर्टफोलियो में हैं। कंपनी ने हाल ही में अपनी माइक्रो एसयूवी टाटा पंच लॉन्च की है। टाटा पंच को भारत में 5.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है, जो कि इसके प्योर ट्रीम लेवल वेरिएंट की कीमत है। इसके एडवेंचर ट्रिम लेवल की कीमत 6.39 लाख रुपये, अकाम्पलीस्ड ट्रिम लेवल की कीमत 7.29 लाख रुपये और क्रेटिव ट्रिम लेवल की कीमत 8.49 लाख रुपये है। ये सभी मैनुअल ट्रांसमिशन ऑप्शन वाले वेरिएंट्स की कीमत है। टाटा की सभी कारों की कीमत जनवरी से बढ़ने वाली है। यानी अगर आप टाटा कार ख़रीदने का प्लान बना रहे थे तो यह आपके लिए आखिरी मौका है सस्ती कार खरीदने का। क्योंकि अगले महीने से आपको बढ़ी हुई कीमत के साथ आपको कार खरीदनी होगी।

## नेटफ्लिक्स ने भारत में दरें घटाई, 199 का प्लान अब 149 रुपए में मिलेगा

**नई दिल्ली** । नेटफ्लिक्स पहली बार भारत में अपने प्लान्स की दरें घटा रहा है। । नेटफ्लिक्स यहां साल-2016 में सेवा देना शुरू करने के बाद पहली बार अपने प्लान्स की कीमत कम कर रहा है। दरअसल, । नेटफ्लिक्स अपने यूजर बेस को बढ़ाने और बढ़ती प्रतियोगिता के बीच ऐसा कर रहा है। कंपनी ने अपने सबसे फेमस बेसिक 199 रुपए मासिक प्लान को घटाकर 149 रुपए कर दिया है। इसके अलावा एक और एंट्री-लेवल बेसिक प्लान जो ग्राहकों को एक समय में एक ही मोबाइल, टैबलेट, कंप्यूटर या टेलीविजन स्क्रीन पर एसडी में अपने शो और फिल्में देखने की इजाजत देता है, इस प्लान को 499 रुपए प्रति माह से घटाकर 199 रुपए कर दिया गया है। इसके बाद दो स्क्रीन पर एक साथ एचडी कंटेंट देने वाला प्लान 649 रुपए की जगह अब 499 रुपए में मिलेगा। नेटफ्लिक्स का सबसे महंगा महीने का 799 रुपए का प्लान 649 रुपए मिलेगा। इस प्लान में एक साथ 4 डिवाइस पर अल्ट्रा हाई-डेफिनिशन क्वालिटी मिलती है। नेटफ्लिक्स का मोबाइल-ओनली प्लान जो भारत में जुलाई 2019 में 199 रुपए प्रति माह पर पेश किया गया था, अब 149 रुपए प्रति मिलेगा। ये महीने वाला नए रेट के प्लान नए बिलिंग साइकिल से शुरू होंगे। नेटफ्लिक्स इंडिया की वीपी-कंटेंट मोनिका शेरगिल ने मनीकंट्रोल को बताया कि वे 14 दिसंबर से मौजूदा सदस्यों के लिए एक नया ऑटो-अपग्रेड फीचर भी शुरू किया जा रहा है जिसमें एक पॉपअप दिखाई देगा और वह ग्राहकों को ऑटो-अपग्रेड की इजाजत देगा।

## रॉयल एनफील्ड हंटर 350 बाइक जल्द होगी लांच

**नई दिल्ली** । स्वदेशी पॉपुलर कंपनी रॉयल एनफील्ड अगले साल भारत में कई शानदार मोटरसाइकल लॉन्च करने वाली है। इस बाइकों में रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 के साथ ही सुपर मीटियॉर 650 और हंटर 350 जैसी बाइक है। बीते रोज रॉयल एनफील्ड ने रॉयल एनफील्ड हिमालयन के साउथ पोल के अपकमिंग 39 डेज एक्सपीडिशन का वीडियो शेयर किया, जिसमें अपकमिंग बाइक रॉयल एनफील्ड हंटर 350 की झलक दिखी है और तब से यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि यह बाइक शानदार लुक और फीचर्स के साथ कम कीमत में अगले साल भारत में लॉन्च हो सकती है।

रॉयल एनफील्ड द्वारा जारी 1 मिनट 28 सेकेंड के टीजर वीडियो में मुख्य रूप से कंपनी की जर्नी के बारे में बताया गया है, साथ ही इसमें आने वाली बाइक्स के बारे में भी आंशिक रूप से दिखाया गया है। इसी वीडियो में अपकमिंग हंटर 350 के फ्यूल टैंक भी झलक दिखी है। हालांकि, आधिकारिक रूप से रॉयल एनफील्ड की इस बाइक के बारे में कंपनी ने जानकारी नहीं दी है, लेकिन अब तक स्पाई इमेज और मीडिया रिपोर्ट्स में जिस तरह की बातें सामने आई है, उसके मुताबिक स्क्रैम्बलर स्टाइल की यह बाइक अगले साल के मध्य में भारत में लॉन्च कर दी जाएगी। फिलहाल रॉयल एनफील्ड अपनी बेस्ट सेलिंग बाइक क्लासिक 350 के साथ ही मीटियॉर 350, बुलेट 350 और 650 ट्विन्स के जरिये पावरफुल बाइक सेगमेंट में इंडियन मार्केट में छाई हुई है।

बता दें कि रॉयल एनफील्ड ने कुछ महीने पहले कहा था कि वह हर साल 4 नई बाइक लोकल मार्केट में लॉन्च करेगी। इसके साथ ही पॉपुलर बाइक के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल भी आएंगे। अगले साल, यानी 2022 में कंपनी शानदार क्रूजर बाइक सुपर मीटियॉर 650 के साथ ही हिमायलन का लो-बजट मॉडल रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 411 भी लॉन्च करने की तैयारी में है। इन बाइक्स को बीते दिनों टेस्टिंग के दौरान देखा गया है।

## नए साल में लांच होगी एक से बढकर एक कारें

**नई दिल्ली** । कार बनाने वाली कंपनी रेनो जल्द ही भारत में सस्ती इलेक्ट्रिक कार रेनो क्विड इलेक्ट्रिक लॉन्च कर सकती है, जिसका हाल ही में डेसिया स्प्रींग ईवी नाम से ग्लोबल डेब्यू हुआ है। बीते अक्टूबर में रेनो क्विड इलेक्ट्रिक से पर्दा उठा और अब इस हफ्ते यूरो एनकैप में इसकी सेफ्टी रेटिंग चेक की गई, जिसमें इस इलेक्ट्रिक हैचबैक को महज एक स्टार मिला।

यहां बताना जरूरी है कि डेसिया स्प्रींग दरअसल चीन में लॉन्च रेनॉ सिटी के-झेडई का यूरोपियन वर्जन है। आने वाले दिनों में इसे भारत में रेनॉ क्वीड इलेक्ट्रिक के नाम से लॉन्च किया जा सकता है। हालांकि, रेनो ने भारत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च को लेकर किसी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन जिस रफ्तार से भारत में नई-नई इलेक्ट्रिक कारें आ रही हैं और इनकी अच्छी बिक्री हो रही है, वैसे में रेनो भी जल्द ही इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में यहां एंट्री कर सकती है।

बता दें कि भारतीय ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए अगला साल यानी 2022 इलेक्ट्रिक कारों का होने वाला है, जहां एक से बढ़कर एक सस्ती और महंगी इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होंगी।



राज्य स्तरीय इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में

# भिंड के एथलीटों का बेहतरीन प्रदर्शन

भिण्ड। बैतूल में हुई राज्य स्तरीय इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता मैं 20 लड़के लड़कियों ने भिंड जिले का प्रतिनिधित्व किया और भिंड के एथलीटों ने विभिन्न वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। एथलीट अवधेश ने अंडर सिक्सटीन प्रतियोगिता में प्रथम आकर के और उदय प्रताप सिंह अंडर 18 ग्रुप में 6 किलोमीटर की दौड़ में द्वितीय करके तालिब खान 20 वर्ष आयु वर्ग में 8 किलो मीटर दौड़ में छठवां स्थान प्राप्त करके राष्ट्रीय प्रतियोगिता जिसे अगले महीने नागालैंड में होनी है उसमें अपना चयन कराया इसके अलावा लड़कियों में कुमारी सोनी ने 6 किलोमीटर दौड़ में नोवा स्थान प्राप्त कर भिंड का नाम रोशन किया। इन सभी खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर जिला एथलेटिक एसोसिएशन सचिव और खेल प्रशिक्षक राधे गोपाल यादव राहुल मिश्रा अर्पित मुदगल संजय पंकज संजीव भदौरिया प्रमोद गुप्ता राम बघेल आदि लोगों ने बधाइयां दी है।

# सूदखोरों के खिलाफ आज से लगेंगे कैंप

## मनमाफिक ब्याज पर पुलिस कसेगी शिकंजा

भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार ने सूदखोरों के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। इसके बाद पहली बार भिंड जिले में पुलिस प्रशासन सूदखोरों से पीड़ितों की सुनवाई करेगी। इसके लिए शिविर 15 दिसंबर को जिलेभर में लगाए जा रहे है। यह शिविर हर ब्लॉक में लगेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। जिले से लेकर ब्लॉक व तहसील स्तर पर मुनादी कराई जा रही है।

बिना लाइसेंस के ब्याज का धंधा करके मनमाफिक वसूली करने वालों पर अब पुलिस का डंडा चलेगा। ऐसे ब्याज खोरों से जरूरत के मुताबिक पैसा लेकर मूल रकम से ज्यादा ब्याज देने वालों से पुलिस मुक्ति दिलाएगी। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा पूरे प्रदेश में सूदखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत भिंड जिले की पुलिस ने भी पहल की है। इस पहल के तहत भिंड, अटेर, लहार, गोहद, मौ, मेहगांव समेत सभी पुलिस अनुविभाग पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में ब्याज के कर्ज से पीड़ितों की सुनवाई होगी।

### लॉकडाउन में बढ़ा सूदखोरी का धंधा

जिले में ब्याज का धंधा बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। यहां सूदखोर लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर डायरी सिस्टम व पांच, दस और बीस प्रतिशत तक का ब्याज वसूल कर रहे हैं। इसके लिए वे बाकायदा रुपए उधार लेने वाले से चेक व प्रामेसरी नोट बना लेते हैं। इसके आधार पर ब्याज नहीं भरने की स्थिति में कानून का फायदा उठाकर संबंधित को परेशान करते हैं। यह ब्याज छिमाही पर चलता है। छह महीने में ब्याज की रकम न देने पर मूल रकम में जोड़कर ब्याज वसूलते है। इसके चलते कई गरीब किसानों को खेती बाड़ी, मकान, दुकान बेचकर ब्याज का पैसा भरने को मजबूर होते है। ब्याज न देने पर लठैतों की दम पर ब्याज वसूला जाता है।

### पूरे जिले में लगेंगे शिविर

सूदखोरों को लेकर लगाए जा रहे शिविर को लेकर एएसपी कमलेश खरपुसे का कहना है कि यह शिविर पूरे जिले में एक साथ लगाया जा रहा है। शिविर के माध्यम से ब्याज से पीड़ित पक्ष की सुनवाई होगी। इसके बाद न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी।

# मलेरिया से संबंधित कर्मचारियों का सम्मान



फूप। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डीके शर्मा द्वारा में मलेरिया से संबंधित सभी कर्मचारियों का सम्मान किया गया एवं आदेशित किया गया। कि 20 तारीख से लार्वा सर्वे का कार्य किया जाएगा एवं उनको शपथ दिलाई गई कि भिंड को मच्छर मुक्त बनाना है। इस अवसर पर गोहद एमआई श्रीकृष्ण सहरिया, लहार एमआई देवेंद्र चौहान, अटेर एमआई श्रीकृष्ण शाक्य, फूप एमआई सीताराम मांझी, रौन एमआई महेन्द्र कुमार, राजवीर, नौशाद खान, उदयवीर, रामप्रकाश, नीरज, रघुराज, बचुलाल, माधुरी एवं समस्त मलेरिया कर्मचारी उपस्थित थे।

# 16 दिसम्बर को जिले में कोविड वैक्सीन का द्वितीय डोज टीकाकरण महाअभियान का आयोजन

## द्वितीय डोज हेतु ड्यू सभी व्यक्ति अनिवार्य रूप से करवायें अपना टीकाकरण

## कलेक्टर ने कोविड का द्वितीय डोज लगाने की नागरिकों से की अपील

भिण्ड । कोरोना टीकाकरण महाअभियान के अन्तर्गत 16 दिसम्बर 2021 को वैक्सीन का द्वितीय डोज निर्धारित केन्द्रों पर लगाया जाएगा। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने सभी कोरोना वॉलेंटियर्स, जन-प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं, धर्मगुरुओं, समाज सेवियों, विभिन्न संगठनों से कोरोना टीकाकरण महाअभियान में सहयोग देकर इसे पूर्ण रूप से सफल बनाने की अपील की है। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने कहा कि जिले में 16 दिसम्बर 2021 को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया जा रहा है। जिन्हें कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला टीका लगवाये 84 दिन या उससे अधिक समय हो गया है तथा जिन्हें कोवैक्सीन का पहला टीका लगवाये 28 दिन या उससे अधिक समय हो गया है ऐसे सभी व्यक्ति अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर पहुँच अपना टीकाकरण अनिवार्य रूप से करवाये।

कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान में मेरी सभी से अपील है कि जिन्होंने दूसरा डोज नही लगवाया है वे लोग वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचकर वैक्सीनेशन अवश्य कराकर अपने को कोरोना से सुरक्षित कर लें। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना से बचाव के लिए जिले में 16 दिसम्बर 2021 को वैक्सीनेशन महाभियान चलाया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ें और अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाएं। कोरोना को हराना है, वैक्सीन लगवाना है।

# युवा संगठन के संभागीय सचिव बने संजीव चौधरी



लहार। ब्रम्हलीन आचार्य प्रभाकर मिश्र, संगठन के अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र कौशिक बागपथ उत्तरप्रदेश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राजीव शर्मा वरिष्ठ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर पण्डित युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र दुबे धौलपुर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और प्रदेश सयोजक दीपक चौधरी प्रदेश मीडिया प्रभारी मार्कण्डेय शर्मा संभागीय ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम उपाध्याय जी द्वारा प्रदेश सचिव सौरभ बौहरे की अनुशंसा पर लहार के युवा समाजसेवी संजीव चौधरी को ब्राम्हण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन ट्रस्ट का संभागीय सचिव मनोनीत किया गया है। युवा संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर संजीव चौधरी को बहुत बहुत बधाई दी है।



## अज्ञात चोरों ने चटकाए ताले नगदी सहित गृहस्थी का सामान पार

लहार। लहार थाना अंतर्गत वार्ड 12 में चोरों ने शिक्षक के सूने घर को निशाना बनाकर मेन गेट का ताला तोड़कर नगदी सहित गृहस्थी का सामान चुरा ले गए।

पुलिस के अनुसार फरियादी विकास पुत्र आरबी चतुर्वेदी निवासी वार्ड 12 लहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरा परिवार ग्वालियर में रहता है विगत 13 -14 दिसम्बर की मध्यरात्रि में अज्ञात चोरों ने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसकर दस हजार रूपये नगदी, सिलेण्ड एवं बर्तन चुरा ले गए। फरियादी के बयान पर लहार पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# ज्ञान जहां से मिले वहां से ले लेना चाहिए : आचार्य शुक्ला



गोरमी। गोरमी नगर से चार किलोमीटर दूर ग्राम बालूपुरा में चल रही भागवत कथा के तृतीय दिवस आचार्य ब्रजकिशोर शुक्ला ने कहा कि भगवान कपिल ने माता देवहुति जी को साख्य शास्त्र का विस्तार से वर्णन कराया और ब्रह्मांड का पहला विवाह कर्दम ओर देवहूति के देवपद्धति से सम्पन हुआ और भगवान शिव और शती की कथा का वर्णन जिसमे प्रजापति राजा दक्ष का अभिमान दूर कर के भगवान शिव के चरणों मे भक्ति मुक्ति प्राप्त कर शिव की कृपा प्राप्त की। आचार्य शुक्ला शुक्ला ने आगे कहाँ की संसार मे मूर्ख मित्र से चतुर दुश्मन ज्यादा अच्छा है इस लिये मित्रता भी देख परख के हमेसा करना चाहिये। आचार्य श्री ने आगे कहाँ की ज्ञान जहाँ से मिले उसे प्राप्त करना चाहिये बो ज्ञान आपके गुरु से पत्नी से मित्र से आपकी संतान से कही से मिल सकता है। जीवन मे संगति का बड़ा असर होता है आप जैसी संगति मैं रहेंगे वैसे ही आचार विचार आपके अंदर प्रवेश करेंगे जीवन में आपकी उठा बैठक हमेशा अच्छे विचारों अच्छे संस्कारों एवं भगवत भक्ति एवं संस्कारों वाले लोगों के साथ होनी चाहिए जिससे आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा। जीवन में संपूर्ण विपत्तियों का अगर विनाश चाहते हो तो भगवत भक्ति अवश्य करना चाहिए। भगवत कथा के समापन पर भव्य भागवत आरती हुई इसके बाद संत भंडारा हुआ भागवत कथा आरती में मुख्य रूप से कथा यजमान रामबहादुर सिंह भदौरिया किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक हरिओम कटारे भोले शर्मा रणवीर परमार शिवराज यादव राजेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

भिण्ड। मेहगांव थाना क्षेत्र के ग्वालियर रोड पर भारद्वाज की कोठी के पास एक बाइक चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामखत्यार पुत्र अशोकसिंह गुर्जर निवासी गितौर मेहगांव ने बताया सोमवार शाम 4.30 बजे वह क्षेत्र के भिण्ड-ग्वालियर रोड होते हुए भारद्वाज की कोठी की पास से स्कूटी से गुजर रहा था, इसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी30एमई4563 के चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला ने ससुराल पक्ष पर कराया दहेज का मामला दर्ज

भिण्ड। महिला थाना में मीरा कॉलोनी निवासी एक महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करायी, पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ससुराल पक्ष पर दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अर्चना पत्नी अनिल सिंह परिहार उम्र 30 वर्ष निवासी मीरा कॉलोनी ने बताया उसके ससुराल पक्ष के लोग विगत 5 वर्ष से दहेज को लेकर प्रताड़ित कर रहे हैं पुलिस ने मामले की जांच उपरांत पति अनिल परिहार, ससुर अजीत, सास सुनीता निवासीगण छिरिया सलौनपुर जालौन उप्र के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक के करंट लगने से मौत

भिण्ड। भारौली थाना क्षेत्र के ग्राम पाखर पुरा में एक युवक के करंट लग गया, जिससे उसकी हालत खराब हुई तो परिजनों ने उसे आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस के अनुसार गोलू पुत्र रामबरन बघेल उम्र 18 वर्ष निवासी पाखरपुरा भारौली के घर में बिजली के तार से करंट लग गया, हालत खराब हुई तो परिजनों ने उसे आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## 12 बोर कट्टा, जिंदा राउण्ड के साथ आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामपुरा के आगे राहुली उवारी रोड पर एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध हथियार जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सोमवार शाम 5.50 बजे मनीष पुत्र विद्याराम निवासी वार्ड क्र.4 कस्बा लहार जो ग्राम श्यामपुरा के आगे राहुली उवारी रोड पर किसी घटना को अंजाम देने की नियत से घूम रहा था, जिसे पुलिस ने सूचना मिलते ही हिरासत में लिया और उसके पास से एक 12 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा राउंड जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## रात को घर में घुसकर महिला से करने लगा छेडछाड़, पीडिता चिल्लाई तो धमकी देकर भागा

भिड। जिले में छेडछाड की दो घटना पुलिस ने दर्ज की है। पहली घटना भारोली थाना क्षेत्र की है। यहां मुरैना से रिश्तेदार के घर आया युवक पडोसी घर में रात के समय घुस गया और महिला से छेडछाड़ करने लगा। जब महिला चिल्लाई तो आरोपी भागते समय जान से मारने की धमकी दे गया। महिला थाना पुलिस में फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई।भरौली थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाली गांव में रहने वाली 35 वर्षीय महिला के घर में रात के समय कल्ली पुत्र शियाराम बाल्मीक निवासी पद्दूपुरा पोरसा जिला मुरैना घुस गया। आरोपी गांव में अपने किसी रिश्तेदार के घर आया था। आरोपी द्वारा रात के समय महिला के साथ सोते में छेडछाड करने लगा तो वो भाग खडी हुई। इसके बाद पीडिता ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पी?ता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ छेडछाड का मुकदमा दर्ज कर लिया।

इधर एंडोरी थाना क्षेत्र के मनोहर का पुरा में रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग के साथ गांव के युवक निहाल सिंह माहौर ने छेडछाड की। पीडिता को आरोपी ने अकेले में पाकर शॉल खींचा और छेडछाड कर दी। इसके बाद पीडिता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी। पीडिता की फरियादी पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

## पंचायत चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों हेतु सूचना

भिण्ड । जिला पंजीयक भिण्ड ने आम जनता की सुविधा हेतु सूचित किया है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम अनुसूची 1-क के अनुच्छेद 5 शपथ पत्र का 50 रूपये का स्टाम्प देय है एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाजति एवं अन्य पिछडा वर्ग को शपथ पत्र पर स्टाम्प शुल्क मुक्त है। परन्तु नोटरी द्वारा लगाये जाने वाले नोटरी टिकिट 50 रूपये देय है जिस पर किसी तरह की छूट नहीं है। ग्राम पंचायतो एवं जनपद पंचायत आदि चुनाव प्रक्रिया में अभ्यर्थियो द्वारा आवेदन पत्र के संलग्न शपथ पत्रों पर्याप्त स्टाम्प शुल्क एवं नोटरी शुल्क चस्पा कराकर ही आवेदन प्रस्तुत करें एवं भविष्य में होने वाली परेषानियों से बचे।

## पुलिस थाना गोहद चौराहा के द्वारा चोरी गया ट्रेक्टर मय आरोपीगणो के साथ 24 घण्टे में किया बरामद

भिण्ड। गोहद चौराहा पुलिस को 11-12 दिसम्बर 2021 को चोरी हुए ट्रेक्टर को पुलिस ने 24 घण्टे में ढूंढ निकाला। फरियादी लोकेन्द्र सिंह गुर्जर के घर के पास बने गैरेज में लाल रंग का महेन्द्रा ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 30 एबी 7434 को कोई अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है जिस पर से थाना गोहद चौराहा पर अपराध पंजीबद्ध हुआ था। जिसके उपरांत थाना प्रभारी ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज एकत्र आरोपियों की पहचान की गई जिसमे आरोपी रिकू उर्फ महेन्द्र पुत्र लल्लू उर्फ रघुनाथ सिंह भदरा निवासी विरगवा थाना पावई, अविलाख उर्फ कविलाश उर्फ कमलू पुत्र सुजान सिह गुर्जर निवासी ग्राम बनीपुरा थाना गोहद, होतम पुत्र गोविंद कुसवाह निवासी लक्ष्मण तलैया वार्ड क्र. 5 गोहद, सूरज पुत्र रूपसिह कुशवाह निवासी लक्ष्मण तलैया वार्ड क्र. 5 गोहद को पकड़ा गया एवं मौके पर से महेन्द्रा ट्रैक्टर को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया वहीं एक फरार आरोपी जिसका नाम दिनेश कुशवाह निवासी विरगवा थाना पावई है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। इस कार्यवाही में सउनि रामनिवास गुर्जर, प्र.आर.96 शिवराम तोमर, आर. 1110 रामकुमार तोमर, आर.1006 पंकज जादौन, आर.118 राहुल तोमर, आर. चा.1190 मानसिह के द्वारा सराहनीय भूमि रही।

## कोविड से अनाथ

कोविड-19 ने हमारे समाज को आर्थिक व सामाजिक रूप से बुरी तरह झकझोरा है। सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो देश में ऐसे बच्चों की संख्या लाखों में है जिन्होंने माता-पिता या दोनों में से एक को कोरोना महामारी में खोया है। इस संकट के दौरान देश में मानवता के जीवंत उदाहरण तब नजर आये जब व्यक्ति व संस्था के स्तर पर लोग जरूरतमंदों की मदद को आगे आये। उन्होंने खाने, पैसे, दवा व अन्य संसाधनों से मुसीबत के मारे लोगों की मदद की। लेकिन इस संकट में समाज का स्याह पक्ष भी उजागर हुआ, जब कुछ लोगों ने संकट को अवसर बनाया। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो महामारी से अनाथ हुए बच्चों का शोषण करने पर उतारू हैं। अमानवीयता की हद देखिये कि कोरोना महामारी में अपनों को खोने वाले मुसीबत के मारे बच्चों की सौदेबाजी की जा रही है। एक समाचार संगठन की पड़ताल और जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों की जांच के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वे बच्चों के लिये एनजीओ चलाने की आड़ में गैरकानूनी रूप से बच्चों को गोद देने का रैकेट चला रहे थे। प्रपंच करके लाये गये बच्चों में से एक बच्चे को पौने लाख से पौने दो लाख रुपये में बेचने की कोशिश हो रही थी। दिल्ली में एक अन्य एजेंसी बिना कागजी कार्रवाई पूरी किये बच्चों का व्यापार करती नजर आई। यह गंभीर चिंता का विषय है। निस्संदेह समाज में ऐसे अनैतिक कार्यों में लिप्त लोग सख्त सजा के अधिकारी हैं। वास्तव में देश में आई कोरोना की दूसरी लहर से देश में जनधन की व्यापक क्षति हुई। इसके बाद सोशल मीडिया पर माता-पिता या दोनों में एक अभिभावक को खोने वाले बच्चों की खबरें बड़ी संख्या में देखी गईं। अनाथ बच्चों के विवरण के साथ उन्हें गोद लेने के आग्रह भी शामिल थे। एक अनुमान के अनुसार एक लाख बच्चों ने माता-पिता में से एक को खो दिया। तब भी बाल अधिकारों से जुड़े कार्यकर्ताओं और कानून क्रियान्वयन करने वाली संस्थाओं ने इन पोस्टों की वस्तुस्थिति पर शंका जताते हुए इनके जरिये बाल तस्करी के बढ़ने की आशंका जतायी थी। ऐसे में जब राज्य सरकारें इन बच्चों की अभिभावक हैं तो अधिकारियों से ऐसे मामलों में जिम्मेदारी की भूमिका की उम्मीद की जाती है। दरअसल, किशोर न्याय अधिनियम 2015 गोद लेने की प्रक्रिया शुरू करने से पहले रिश्तेदारों द्वारा उनकी देखभाल को प्राथमिकता देता है। यानी जहां परिवार के सदस्य बच्चे को रखने के इच्छुक हों, तो उन्हें वरीयता दी जाती है। ऐसे में जब महामारी का संकट पूरी तरह टला नहीं है और तीसरी लहर की आशंका जाहिर की जा रही है तो प्रभावित बच्चों का भरोसमंद रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए। ताकि उन्हें बाल तस्करी करने वालों के चंगुल में आने से बचाया जाये। जो लोग बच्चों को गोद लेने के वास्तव में इच्छुक हैं, उनकी विश्वसनीयता को गंभीरता के साथ जांचा जाना चाहिए। जिला स्तर पर अधिकारियों को सतर्कता के साथ मामले की पूरी पड़ताल करनी चाहिए।

# चरस-माफिया का बढ़ता चक्रव्यूह तोड़ना होगा ?

**नरेन्द्र भारती**

हिमाचल में चरस-माफिया का चक्रव्यूह बढ़ता जा रहा है इस चक्रव्यूह को तोड़ना होगा यदि लापरवाही बरती तो चारों तरफ चरस के सौदागरों का साम्राज्य फैल जाएगा फिर पछताने के अलावा कुछ हासिल नहीं होगा।ताजा मामलें में 6 दिंसबर को मंडी के नागचला-डडौर फोरलेन पर में एक एंबूलैंस के डैशबोर्ड से 712 ग्राम चरस बरामद की गई।गुप्त सूचना के आधार पर चरस तस्का को दबोचा गया।एंबूलैंस चालक को गिरफतार कर लिया है।तस्कर नए- नए तरीके अपनाकर चरस का काला कारोबार कर रहे है।ऐबूलैंस में चरस का यह पहला मामला प्रकाश में आया है।हिमाचल पुलिस ने तस्करों की कमर तोड़ दी है मगर यह काला धंधां करने वाले अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है।जनवरी 2021 से लेकर 30 नवंबर तक इन 11 महिनों में ऐसा कोई दिन नहीं होगा जब चरस की खेप न पकड़ी हो यह क्रम कभी नहीं टूटा है निरंतर बढता जा रहा है। चरस के मामलों में पडो़सी राज्यों के लोगों की संख्या काफी है यह लोग हिमाचल में घूमने आते है और इस धंधे को करते है और पुलिस के हाथों से बच नहीं पाते।ऐसे लोगों को आजीवन कारावास देना चाहिए जो घूमने-फिरने की आड़ में काले धंधे कर रहे हैं। 26 सितंबर 2021 को कुल्लु में नाका बंदी के दौरान बंजार के एक युवक से 1 किलो से ज्यादा चरस बरामद की थी।कुल्लु के बंजार उपमंडल की श्रीकोट पंचायत के जंगल से 127 किलो चरस के पकडे जाने से देवभूमि की साख पर बटटा लगा था।295 किलो गांजा भी बरामद किया था। डेढ सालों में 412 किलों चरस पकडी गई है।यह प्रदेश की सबसे बड़ी खेप है।तत्कालिन एसपी गौरव सिंह व एसआईयू के नेतृत्व में 27 सदस्यों की सयुक्त टीम ने इस आपरेशन को अंजाम दिया था और चरस माफिया को बेनकाब किया था। चार लोगों को गिरफतार कर लिया था।चरस की कीमत करोडों में थी। आंकडों के अनुसार वर्ष 2002 में कुल्लु में 107 किलो चरस पकडी गई थी। 2 नवंबर 2019 को कुल्लू के तत्कालिन एसपी गौरव सिंह की अगुवाई में सुबह चार बजे माफिया के ठिकाने पर छापा मारा था।जब अरोपी सो रहे थे।कुल्लु की पार्वती घाटी के दुगर्म क्षेत्र पिनसू थाच में पुलिस ने चरस माफिया पर कड़ी कारवाई की थी। इस कारवाई में 3 किलो चरस ,एक क्विंटल भांग का बीज व गांजा बरामद किया था।पुलिस ने पांच महिलाओं समेत ढाई दर्जन आरोपियों को गिरफतार कर लिया है। आरोपी स्थानिय व नेपाली मूल के थै।पुलिस की इस कारवाई ने चरस माफिया की चुलें हिल गई है।अगर हर जगह ऐसी कारवाईयां होती रहे तों एक दिन हिमाचल चरस मुक्त हो

जाएगा।पुलिस ने 20 किलोमीटर पैदल चलकर कर इस आपरेशन को अंजाम दिया था। हिमाचल में चरस के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है।एक साल पहले सुंदरनगर में दो सगे भाईयों से 3 किलो नौ सौ चैतीस ग्राम चरस पकड़ने में सफलता हासिल की थी।नशा तस्करों ने विजिलैंस टीम पर हमला कर दिया था। चरस का कारोबार करने वाले रातों-रात अमीर बननें के चक्कर में इन काले धंधों में आकर अपना भविष्य दाव पर लगा रहे हैं। चरस माफिया के बढते कदम प्रदेश की युवा पीढी की विनाश की इबारत लिख रहे है।माफिया के लोग युवाओं का जीवन तबाह कर रहे है।युवा चंद पैसों के लालच में चरस का काला कारोबार कर रहे है और पकड़े जा रहे है।आज हजारो की संख्या में चरस के आरोपों में पकड़े गए

लोग जेलों में सड़ रहे है।चरस के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है प्रदेश पुलिस ने नशें के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है फिर भी यह लोग बेखौफ होकर चरस के कारोबार को अंजाम दे रहे है।चरस माफिया के कारण देवभूमि हिमाचल बदनाम होता जा रहा है।चरस माफिया निरकुंश होता जा रहा है इस पर अंकुश लगाना होगा।प्रदेश में प्रतिदिन बड़ी-बड़ी खेपें बरामद की जा रही है।चरस का यह कारोबार बढ़ता ही जा है।हर साल हजारों लोग पकड़े जा रहे है।चरस के मामलों में बेतहासा वृद्धि होती जा रही है।एक सप्ताह पहले सुन्दरनगर में भी पंजाब के युवकों को दस किलो अफीम के साथ पकड़ा था।वर्ष 2021 के 11 महिनों में ऐसा कोई दिन नहीं होगा



जिस दिन चरस न पकड़ी गई हो।चंबा से लेकर किन्नौर तक हर जगह चरस के मामले प्रकाश में आ रहे है।चरस के कारोबार करने वाले लोगों में अधिकांश लोग पड़ोसी राज्यों के ही है।चंद माफिया के लोगों की काली करतूतों के कारण देवभूमि की साख मिटटी में मिलती जा रही है।प्रदेश पुलिस को चरस का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना होगा।चरस के कारण देवभूमि कलंकित होती जा रही है। पुलिस ने चरस माफिया के खिलाफ से

यह अभियान चला रखा है।हर रोज चरस पकड़ी जा रही है।प्रदेश के हर जिला में चरस माफिया के लोग पकड़े जा रहे है।अधेड़ से लेकर नाबालिग इन धंधों में सलिप्त है।महिलाएं भी पुरुषों से एक कदम आगे है। विदेशी-व पड़ोसी राज्यों के लोगों की बजह से हिमाचल विश्व स्तर पर कंलकित होता जा रहा है।प्रदेश में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर चरस के मामले पकड़े जा रहे है मगर चरस माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।प्रदेश के लागों के साथ-साथ बाहरी राज्यों के लोग हर रोज चरस के साथ पकड़े जा रहे है।यह लोग पर्यटक बनकर चरस

का काला धंधा कर रहे है। प्रदेश के हर जिले में नशे के सौदागरों का जाल बिछता जा रहा है इस जाल को काटने में प्रदेश पुलिस अहम भूमिका निभा रही है मगर चरस माफिया को पूरी तरह नेस्तनाबूद नहीं कर पाया है। यदि पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो जाए तो इस माफिया के कदम रोक जा सकते हैं। अक्सर देखा गया है कि चरस का कारोबार करने वालों के साथ कई निर्दोष लोग भी फंसते जा रहे हैं या फंसाए जा रहे हैं जिनका कोई लेना -देना नहीं होता।

2021 के 11 माह में प्रदेश पुलिस ने प्रदेश के हर जिले में चरस की बड़ी-बड़ी खेपें पकड़ने में सफलता हासिल की है।काले सोने के इस कारोबार में महिलाएं भी पकड़ी जा रही हैं।मण्डी व कुल्लु, चंबा, जिला में हर रोज चरस के मामलों में अप्रत्याशित रुप से बढ़ोतरी हो रही है। चरस के इन सरगनाओं को सजा-ए-मौत देनी चाहिए जो मौत बांट रहे हैं और देश के भविष्य कहलाने वाले युवाओं को असमय मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। चरस माफिया के सूत्रधारों को बेनकाब करना होगा क्योकि पुलिस की पकड़ में तो छोटी-छोटी मछलियां ही आती हैं जबकि बडे मगरमच्छ तो कम ही जाल में फंसते है।प्रदेश में चरस के आंकड़े चैकांने वाले हैं। विदेशी लोग हिमाचल में घूमने के नाम पर चरस का कारोबार कर रहे हैं।गोरे लोग चरस का काला धंधा कर रहे है आज पता नहीं कितने ही विदेशी प्रदेश की जेलों में सजा काट रहे हैं। नेपाली लोग भी इस धधें में पकड़े जा रह ह यह नेपाली लोग होटलों व लोगों के घरों में नौकरियां करतें है हालाकि समय = पर भांग उखाड़ो अभियान चलाया जाता है मगर चरस के कारोबारी इस काम को बदस्तूर जारी रखे हुए हैं। चरस के आरोप में लोग तो जेलों में उम्रभर सड़ते है मगर इन आरोपियों के नये वाहन भी पुलिस चैकियों में सड़ जाते हैं। चरस के इस बढते कारोबार पर लगाम लगानी होगी।ऐसे भी मामले सामने आते हैं कि बसों में लावारिस बैगों में चरस बरामद होती है और सफर कर रहे निर्दोष लोगों को बेबजह परेशान किया जाता है पुलिस के कर्मचारियों द्वारा लोगों की तलाशी ली जाती हैं। बसों में सफर करने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जाए ताकि शरीफ व इज्जदार लोगों को राहत मिल सके जिन्हे बेवजहे परेशानी होती हैं।महिलाओं का भी चरस के इस कारोबार में संलिप्तता से हिमाचल की साख पर बदनामी का दाग चस्पां हुआ है चरस के काले करोबार मे हिमाचली महिलाएं चरस की सरगनाएं कैसे बन गई यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है कि ऐसी कौन सी मजबूरियां है कि महिलाओं को अपनी मान-मर्यादाओं का जरा भी ख्याल नहीं है कि इस काले कारोबार में फंसती जा रही है।

## बाहरी विकार

एक व्यक्ति संन्यासी के पास पहुंचा और बोला, बाबाजी! मुझे परमात्मा से मिला दो। संन्यासी ने बात टालनी चाही। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। संन्यासी ने उसकी भावना परखने की दृष्टि से कहा, भगवान से मिलना है तो कल आना होगा। दूसरे दिन फिर यही उत्तर मिला। लेकिन वह निराश नहीं हुआ, निरन्तर आता रहा। संन्यासी ने देखा,इसे शब्दों से समझाना कठिन है। आखिर उसे एक युक्ति सूझी। कहा, परमात्मा से मिलने के लिए तो ऊपर चढ़ना होगा। उसने स्वीकृति दे दी। संन्यासी ने उसके सिर पर पांच बड़े-बड़े पत्थर रखे और पहाड़ की चढ़ाई पर चढ़ने के लिए कहा। दो चार कदम चला होगा कि उसकी सांस फूलने लगी और वह वहीं रूक गया। संन्यासी बोले, यहां बैठने से भगवान नहीं मिलेंगे। वह साहस बटोरकर चला, लेकिन असफल रहा। संन्यासी ने उसके सिर पर से एक पत्थर उतार दिया। वह कुछ दूर चला फिर रूक गया। चलते-चलते पांचों पत्थर नीचे गिरा दिए गए। वह पहाड़ की चोटी पर पहुंच गया।

**संन्यासी बोला- समझे या नहीं।**

**उसने उत्तर दिया- मैं कुछ नहीं समझा। आप समझा दीजिए।**

संन्यासी- जब तक तुम्हारे सिर पर पत्थर थे, तुम चल नहीं सके और हल्के होकर चोटी तक पहुंच गए। इन बाहरी पत्थरों में भी इतनी शक्ति है तो हमारे भीतर काम, प्रोध, मद, लोभ और भय रूप जो पांच बड़े-बड़े पत्थर हैं, उनको उतारे बिना भगवान तक कैसे पहुंचोगे? इसलिए इन पाषाणों से हल्का बनने के लिए साधुओं का सान्निध्य पाना आवश्यक है।

# तीसरी बार भारत को मिस यूनीवर्सयानी ब्रम्हाण्ड सुन्दरी का खिताब

**ऋतुपर्ण दवे**

1994 में पहली बार सुष्मिता सेन फिर 2000 में लारा दत्ता और अब 21 साल बाद हरनाज संधू ने मिस यूनिवर्स यानी ब्रम्हाण्ड सुन्दरी का खिताब जीतकर भारत का मान फिर एक बार विश्व में बढ़ा कर यह संदेश दे दिया है कि हर क्षेत्र में हम दुनिया में किसी से कम नहीं हैं, पीछे नहीं हैं। इसराइल के एलात में हुई 70वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में 80 प्रतियोगियों को हराकर 2021 का मिस यूनीवर्स का खिताब हासिल करने वाली भारत की हरनाज संधू शुरू से ही प्रमुख दावेदार थीं। उन्होंने अंतिम राउण्ड में भारतीय दर्शन से भरा जवाब देकर खिताब अपने नाम कर लिया। पंजाब की 21 वर्षीय इस बाला ने पराग्वे की नादिया फरेरा और दक्षिण अफ्रीका की ललेला मसवाने को शिकस्त देते हुए मिस यूनीवर्स 2021 के खिताब पर अंततः कब्जा कर दुनिया को भारत की चमक और धमक दिखा दी।

दरअसल हरनाज की हाजिर जवाबी ने चयनकर्ताओं को उनकी विलक्षण प्रतिभा का लोहा मनवा दिया जिसमें आखिरी दौर में टॉप थ्री की प्रतियोगियों से पूछा गया कि आज के दौर मे दबाव का सामना कर रही उन तमाम युवा महिलाओं को क्या सलाह देंगी जिससे वो दबाव का सामना कर सकें? इस पर हरनाज ने बहुत ही खूबसूरती से दार्शनिक लहजे में जो सच कहा उसने सभी का दिल जीत लिया। हरनाज ने कहा- ÷आज के युवा पर सबसे बड़ा दबाव यही है कि वो खुद पर भरोसा करना सीखें और माने की आप स्वयं ही अनोखे हैं। बाहर निकलिए, खुद के लिए आवाज उठाना सीखिए क्योंकि अपने जीवन के लीडर आप खुद हैं और आप ही खुद की आवाज भी। मुझे देखिए, खुद की आवाज बनीं, खुद पर भरोसा किया और आज आपके सामने यहां तक आकर खुद ही खड़ी हुई।÷ इसी जवाब ने सभी को उनका न केवल मुरीद बना दिया बल्कि चयनकर्ताओं की पहली पसंद भी। हरनाज ने सच ही कहा आज के युवा भटकाव का मार्ग छोड़ यदि खुद पर ही भरोसा कर लें तो कुछ भी असंभव नहीं है। दरअसल बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मायावी दुनिया के बीच आज युवा स्वयं को कई मोड़ों



पर भटकता हुआ पाता है। सही मार्गदर्शन के लिए भी अक्सर भटकता दिखता है और मार्गदर्शन के नाम पर भी उसकी पहले से ही खाली जेब पर ही भारी बोझ पड़ता है। जबकि यहाँ उसे स्वयं के प्रति विश्वास बल्कि कहें आत्मविश्वास से लबरेज होना चाहिए। अपनी क्षमताओं और प्रतिभाओं को खुद ही पहचानने और निखारने की क्षमता होनी चाहिए। उसे यह मानना चाहिए कि वह भी दुनिया के दूसरे सफलतम इंसानों की तरह है जो उससे किसी मामले में अलग नहीं है। ऐसे में वह भला क्यों नहीं कामियाब हो सकता? बस यही आत्मविश्वास किसी बड़े मंत्र के रूप में किसी भी युवा बल्कि इंसान की आगे की राहों को मजबूत करता है। हरनाज ने भी यही किया। दरअसल हरनाज की इस स्वीकारोक्ति के पीछे कहीं न कहीं हमारा भारतीय दर्शन भी छुपा हुआ है।

चण्डीगढ़ में पली-बढ़ी 21 वर्षीय हरनाज संधू ने वहीं से स्कूली शिक्षा और कॉलेज की शिक्षा ग्रहण की। इस प्रतिस्पर्धा में पराग्वे की नाडिया फरेरा दूसरे नंबर पर तथा दक्षिण अफ्रीका की लालेला म्सवाने तीसरे नंबर पर रहीं। आपको बता दें कि हरनाज संधू मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में भी सक्रिय हैं। वह यारां दियां पौ बारां और बाई जी कुट्टांगे जैसी पंजाबी फिल्मों में काम भी कर चुकी हैं। मिस यूनीवर्स के सबसे बड़े खिताब से पहले हरनाज संधू की झोली में और भी कई खिताब आ चुके हैं। 2017 में वह टाइम्स फ्रेश फेस मिस चंडीगढ़ रहीं जबकि 2019 उन्होंने फ़ेमिना मिस इंडिया पंजाब का खिताब भी जीता और 2019 की फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष 12 में भी जगह बना चुकी हैं। आप 2021 में मिस दीवा 2021 का खिताब भी अपने नाम कर चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय वेशभूषा के अलावा इवनिंग गाउन और स्विम वीयर के पारंपरिक प्रदर्शन के साथ-साथ प्रतियोगियों के सार्वजनिक मंच से बोलने की कौशल कला के परीक्षण के साथ ही सवालों की एक श्रृंखला भी शामिल थी जिसमें उन्होंने बहुत ही चतुराई और अद्भुत तरीके से अपना जवाब देकर सबको सम्मोहित सा कर लिया।

# संकट की दस्तक में आत्मबल का संबल

### सूडोकू नवताल- 5922

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5921 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**सुरेश सेठ**

लगभग दो बरस के बाद देश महामारी के दुर्भाग्य से उबरने लगा था। लगता था अब जिंदगी सामान्य हो जायेगी। पिछले बरस तो देश का अर्थतंत्र ही जैसे लड़खड़ा गया। महामारी में लगे पूर्ण-अपूर्ण बन्दों के बाद सकल घरेलू उत्पादन में तेईस प्रतिशत आशातीत वृद्धि और व्यवस्था के स्वत-स्फूर्त हो जाने के सपने देखे जा रहे थे और कहां यह विकास दर लड़खड़ा कर शून्य से नीचे जा ऋणात्मक सात प्रतिशत के आसपास पहुंच गयी। परिणाम स्पष्ट थे, महानगरों में निवेश निरुत्साह हुआ। फैक्टरियों और मिलों ने सक्रियता का धुआं उगलना बंद कर दिया। सबसे बड़ा कुप्रभाव निर्धन और मध्य वर्ग पर पड़ा। उनकी बंधी-बंधाई नौकरियां छूट गयी, नया रोजगार कहीं था नहीं। देश में एक अजब विडम्बना पैदा हो गयी। बाजार में अतिरिक्त मांग नहीं थी, क्योंकि बेकार हो गये जनसमुदाय की जेब में पैसे नहीं थे और उधर मौद्रिक नीति के उदार तेवर अपनाने या सरकार द्वारा दो-दो आर्थिक बूस्टर जारी करने के बावजूद निवेश प्रेरित नहीं हुआ। आपूर्ति बाजारों से गायब रही, जो आयी वह काला बाजारों और चोर बाजारों का रुख करती रही, इसलिये महंगाई में अप्रत्याशित वृद्धि हो गयी।

दूसरी ओर विश्व सर्वेक्षणों ने बताया कि शुचिता और नैतिक मूल्यों के नारों के बावजूद भारत दुनिया के महाभ्रष्टाचारी देशों में अव्वल खड़ा है। सर्वेक्षकों ने बताया कि यह तो संपर्क देश या जनता के लिए अपना बनाम चिरौरी से करवाने वाला देश बन गया। रिश्वतखोरी एक ऐसी मान्य शार्टकट बन गयी कि 'रिश्वत लेना और देना अपराध है', देश के दफ्तरों में लगे ये सूचनापट निरर्थक हो गये।

बेकारी देश की बेबसी बन गयी। भारत को नौजवानों के बाहुल्य के कारण एक युवा देश कहा जाता है। लेकिन इस विकट काल में यह पीढ़ी भटकती और बेकार पीढ़ी बन गयी। खेतीबाड़ी देश का पुश्तैनी धंधा था, लेकिन इसका राष्ट्रीय आय में घटता योगदान और पहली कृषि क्रांति से पैदा असमर्थता ने गांवों की युवा पीढ़ी को अपना आश्रय देने से इनकार कर दिया। गांवों के युवक अपने परिवारों का निरर्थक बोझ बनने के स्थान पर एक वैकल्पिक और बेहतर जीवन जीने के लिए महानगरों की ओर चल दिये। अधिक स्वप्नजीवी वैध-अवैध तरीकों से विदेशों की ओर निकल गये। वहां गिरते हुए भारतीय रुपये के मूल्य के मुकाबले संपन्न देशों की अधिक मूल्यवान मुद्रा उन्हें तत्काल धनी, या अवधि के बाद स्वदेश लौटने पर त्वरित करोड़पति बना रही थी। इसलिए देश के कृषक समाज से नगरों और विदेशों की ओर पलायन की स्थिति पैदा हो गयी। लेकिन तब अचानक आगमन हुआ भारत ही नहीं, पूरे विश्व में कोरोना के घातक वायरस का। इसी के कारण देश पहली लहर से संक्रमित हुआ, जिसने पूरे देश के उत्पादक ढांचे को छिन्न-भिन्न कर दिया। महानगरों में गांव से आ जमती नौकरियों के पांव उखड़े और विदेशों में आसरा तलाशते प्रवासी भारतीय बेगाने हो गये। कहा जाता है कि भारत विभाजन के समय जनता के अपने गांव-घरों से पलायन करते हुए इतनी समस्या पैदा नहीं हुई थी, जितनी कोरोना महामारी से अटपटा गये भारत की देशी-विदेशी श्रम शक्ति के समक्ष पैदा हुई।

अभी अनुभव किया जा रहा था कि कोरोना की दूसरी लहर का दबाव कम हो गया, देश में इसके मुकाबले के लिए टीकाकरण का ऐसा रिकार्डतोड़ अभियान चला कि न केवल यहां कोरोना की विदाई की बातें शुरू हो गयीं बल्कि इसने कोरोना की तीसरी लहर के पांव थाम दिये हैं। कहां तो कोरोना संक्रमण के लाखों केस प्रतिदिन आ रहे थे और कहां अब प्रतिदिन चंद हजार तक इनका आंकड़ा गिर गया। लेकिन देश के विकासशील होने के सपने पर आघात नजर आने लगा। कोरोना का कई गुणा तेज घातक वायरस 'ओमिक्रॉन' जो पहले दक्षिणी अफ्रीका से उभरा था, वह जल्द ही आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, इटली और जर्मनी भी पहुंच गया। यह सही है कि कोरोना के इस नये रूप 'ओमिक्रॉन' का संक्रमण अभी चंद भारतीय मरीजों को चपेट में ले चुका है लेकिन सामान्य जीवन जीने, नये उद्योग, नये काम धंधों और नया निवेश करने की इच्छा रखने वाले सक्रिय होते देश के पांव इससे ठिठक गये। देश की स्टॉक एक्सचेंज मंडियां नये कोरोना संक्रमण की आशंका से धड़ाम से गिरी। स्वदेशी-विदेशी निवेशकों की उदासीनता रही। हां, सत्ताधीशों के स्तर पर देश ने इस विकट समय में भी तरक्की कर ली, ऐसी घोषणाओं की कमी नहीं रही। चमकता हुआ भारत, आत्मनिर्भर भारत और अच्छे दिनों की वापसी ऐसी दिलासा भरी घोषणायें थी, जिन्होंने अवसादग्रस्त दिलों के लिए एक उत्सव का सृजन कर दिया। गुरबत भरी आजादी में अमृत महोत्सव की हर्षातिरेक धर्मी घोषणा।

## अमीरी और गरीबी की खाई

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अब से लगभग 60 साल पहले जब मैं प्रसिद्ध फ्रांसीसी विचारक पियरे जोजफ प्रोधों को पढ़ रहा था तो उनके एक वाक्य ने मुझे चौंका दिया था। वह वाक्य था- 'सारी संपत्ति चोरी का माल होती है।' दूसरे शब्दों में सभी धनवान चोर-डकैत हैं। यह कैसे हो सकता है, ऐसा मैं सोचता था लेकिन अब जबकि दुनिया में मैं गरीबी और अमीर की खाई देखता हूं तो मुझे लगता है कि उस फ्रांसीसी अराजकतावादी विचारक की बात में कुछ न कुछ सच्चाई जरुर है। कार्ल मार्क्स के 'दास केपिटल' और विशेष तौर से 'कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो' को पढ़ते हुए मैंने आखिर में यह वाक्य भी देखा कि ''मजदूरों के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, सिर्फ उनकी जंजीरों के अलावा।'' अब इन दोनों वाक्यों का पूरा अर्थ समझ में तब आने लगता है, जब हम दुनिया के अमीर और गरीब देशों और लोगों के बारे में गंभीरता से सोचने लगते हैं। अमीर, अमीर क्यों हैं और गरीब, गरीब क्यों है, इस प्रश्न का जवाब हम ढूंढने चलें तो मालूम पड़ेगा कि अमीर, अमीर इसलिए नहीं है कि वह बहुत तीव्र बुद्धि का है या वह अत्यधिक परिश्रमी है या उस पर भाग्य का छींका टूट पड़ा है। उसकी अमीरी का रहस्य उस चालाकी में छिपा होता है, जिसके दम पर मुट्ठीभर लोग उत्पादन के साधनों पर कब्जा कर लेते हैं और मेहनतकश लोगों को इतनी मजदूरी दे देते हैं ताकि वे किसी तरह जिंदा रह सकें। यों तो हर व्यक्ति इस संसार में खाली हाथ आता है लेकिन क्या वजह है कि एक व्यक्ति का हाथ हीरे-मोतियों से भरा रहता है और दूसरे के हाथ ईंट-पत्थर ही धोते रहते हैं ? हमारी समाज-व्यवस्था और कानून वगैरह इस तरह बने रहते हैं कि वे इस गैर-बराबरी को कोई अनैतिक या अनुचित भी नहीं मानता। इस समय दुनिया में जितनी भी कुल संपत्ति है, उसका सिर्फ 2 प्रतिशत हिस्सा 50 प्रतिशत लोगों के पास है जबकि 10 प्रतिशत अमीरों के पास 76 प्रतिशत हिस्सा है। यदि दुनिया की कुल आय सब लोगों को बराबर-बराबर बांट दी जाए तो हर आदमी लखपति बन जाएगा। उसके पास 62 लाख 46 हजार रुपए की संपत्ति होगी। हर आदमी को लगभग सवा लाख रु. महिने की आय हो जाएगी लेकिन असलियत क्या है? भारत में 50 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिनकी आय सिर्फ साढ़े चार हजार रु. महिना है याने डेढ़ सौ रु. रोज। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिनकी आय 100 रु. रोज भी नहीं है। उन्हें रोटी, कपड़ा और मकान भी ठीक से उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षा, चिकित्सा और मनोरंजन तो दूर की बात है।

# सनातन धर्म की रक्षा से ही होगा विश्व का कल्याणः स्वामी पंचमानंद



## जनकल्याण एवं विशाल कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री रामकथा का हुआ शुभारंभ

**अम्बाह।** मुरैना तिराहे पर श्रीरतन वाटिका में जनकल्याण हितार्थ मंगलवार को 9 दिवसीय श्रीराम कथा वाचन का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर नगर भर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग दो सैकडा माता व बहिनों ने शामिल होकर सिर पर कलश घारण कर मंगल गीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली। इस कलश यात्रा का जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस यात्रा में शामिल भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस मौके पर कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने नगर वासियों को आशीर्वाद प्रदान किया। कलश यात्रा का समापन रतन वाटिका परिसर में हुआ, जहां पर देवताओं के आह्वान एवं मंत्र उच्चारण के बीच प्रसिद्ध कथाव्यास पंचमानंद जी महाराज ने भगवान श्री राम की स्तुति गाई। कथा प्रारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति साक्षात भगवान का स्वरूप है। भक्ति का सरल अर्थ भगवान से जुड जाना है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा से ही समूचे विश्व का कल्याण होगा। ये दुःखद है कि आज भोगों में उलझा मनुष्य अपने धर्म से विमुख हो रहा है। संत श्री ने कहा कि जीव को भगवान की कथा सुनने का अवसर सौभाग्य से मिलता है। जब प्रभु की कृपा मनुष्य पर होती है, तो वह अपने आप मंदिर और सत्संग की ओर खिंचा चला आता है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर श्रीराम की कथा होती है, वहां देवी-देवता और ऋषि-मुनि भी आते हैं। श्रीराम कथा के श्रवण मात्र से ही बेडा पार हो जाता है लेकिन, मनुष्य को कथा को अपने कानों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। बिना सत्संग के विवेक प्राप्त करना संभव नहीं है। सत्संग एक औषधि है, जिससे मानव के सभी कष्ट दूर होते हैं। कथा के पहले दिन उन्होंने भगवान राम की विभिन्न लीलाओं का विस्तार से मनमोहक ढंग से वर्णन किया, जिसे सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इससे पहले श्री हनुमान जी स्मरण करके उनसे जगत कल्याण की कामना की गई।

## वैक्सीन का द्वितीय डोज 25 दिसम्बर तक पूर्ण करायेंः कलेक्टर



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कोविड वैक्सीनेशन से जुड़े समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जिले में प्रथम डोज 91 प्रतिशत और द्वितीय डोज 77 प्रतिशत लग चुका है। द्वितीय डोज से अभी 2 लाख लोग वंचित है। इसकी सतत् मॉनिटरिंग करके 25 दिसम्बर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश उन्होंने टीएल बैठक के दौरान नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह सहित समस्त विभागों के जिलाधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि 25 दिसम्बर तक प्रदेश में शत-प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन हो। इसके लिये समय-समय पर महाअभियान चलाये जा रहें है। उन्होंने कहा कि अगला महाअभियान 16 दिसम्बर को चलेगा।

## आचार्य आनंद टीम ने सेवा सप्ताह के समापन पर भोजन कराकर, भेंट किए कम्बल

**अम्बाह।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की पहल पर आयोजित किए गए सेवा संकल्प आनंद सप्ताह के समापन पर आज आचार्य आनंद टीम के आनंदक साथियों ने जयश्वर हनुमान मंदिर पर जरूरतमंद लोगों



को भोजन कराया और ठंड से बचने के लिए उन्हें कंबल वितरित किए। आनंद विभाग के जिला संपर्क व्यक्ति पंडित बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि 5 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आनंद संस्थान की पहल पर आचार्य आनंद टीम द्वारा सेवा संकल्प सप्ताह मनाया गया जिसके अंतर्गत सेवा की विभिन्न कार्य किए गए। उस के समापन पर समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य द्वारा जरुरतमंदों को खीर पूड़ी-सब्जी खिलाकर कम्बल प्रदान किए गए। कार्यक्रम सहयोगी के रूप में महेंद्र सखवार, विश्वनाथ गुर्जर, अजय जैन, शिशुपाल सिंह तोमर, राजेश सिंह तोमर, सचिव मनोज पंडित, अरविंद मावई, रोटरी अध्यक्ष अंकित मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शुरू होगी रात्रि कालीन कंबल वितरण सेवा

इस अवसर पर डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि आचार्य आनंद टीम की आज से रात्रिकालीन कंबल वितरण सेवा शुरू होगी जो रात्रि में अंचल में घूम कर जरूरतमंदों को कंबल प्रदान करेगी। रात्रि कालीन सेवा पूरे दिसंबर माह चलेगी।

## द्वितीय दिन सरपंच पद के लिये 4 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुरैना जिले में 13 दिसम्बर को ऑफलाईन एवं ऑनलाईन नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। प्रथम दिन किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जिले में नाम निर्देशन पत्र भरनें की संख्या निरंक रही। द्वितीय दिन मंगलवार को सरपंच पद के लिये 4 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुये। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी ने अनुसार पोरसा ब्लॉक की ग्राम पंचायत हमीरपुर में एक, अम्बाह जनपद की ग्राम पंचायत दोहरा में एक, जौरा ब्लॉक में छडेह से दो नाम-निर्देशन पत्र सरपंच पद के लिये प्राप्त हुए। जबकि प्रथम, द्वितीय चरण के लिये नाम-निर्देशन पत्र जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंच पद के लिये कोई भी प्राप्त नहीं हुए।

# गुड़ा चंबल में रेत माफियाओं का आतंक, ग्रामीणों ने एएसपी को आवेदन देकर मांगा न्याय

**मुरैना।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के गुड़ा चंबल क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन करते हुए ग्रामीणों की फसलों को चौपट किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा रोके जाने पर यह माफिया उन्हें धमकाते हैं और बंदूकों से फायरिंग करते हैं, जिससे गांव में आतंक का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए कार्यवाही की मांग की और न्याय की गुहार लगाई। लोकतंत्र सेनानी संघ के चंबल संभाग प्रभारी डॉ सरमन सिंह सिकरवार, मुनेंद्र सिंह, मुल्लू सिंह, देव सिंह, सलमान, रमेश, बालवीर आदि आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन देते हुए बताया कि गुड़ा चंबल क्षेत्र में अनिल सिंह सिकरवार, गिर्राज सिसोदिया व दो अन्य लोगों द्वारा प्रतिदिन लोडर के माध्यम से चंबल नदी से रेत निकाला जा रहा है तथा प्रतिदिन 700 से 800 ट्रैक्टर ट्रॉली नदी से रेत लेकर ग्रामीणों के बीच खेतों से निकाल कर ले जाते हैं, जिससे फसल बर्बाद हो रही हैं। उन्हें ग्रामीणों द्वारा रोकने का प्रयास किया जाता है, तो वह लड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। इस कारोबार में पार्टनर तिलक सिंह सिसोदिया, रामनिवास सिंह, गर सिंह लाइसेंस की बंदूकों एवं अवैध हथियारों से लगातार फायरिंग करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। अभी कुछ दिन पूर्व मनीष पुत्र रमेश सिंह सिकरवार द्वारा जब रेत माफिया को रोका गया तो उसको बुरी तरह से पीट दिया गया और बंदूकों से फायर कर गांव में आतंक का माहौल बना दिया, जिसकी एफआईआर देवगढ़ थाने में दर्ज है। ग्रामीणों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।



# भाजपा किसान मोर्चा करेगा जैविक खेती करने वाले किसानों का सम्मान



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सबलगढ़ के तत्वाधान में एक प्रेस वार्ता संपन्न हुई, जिसमें किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह धाकड़ के द्वारा प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना एवं मुख्यमंत्री किसान योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश एवं केंद्र में भाजपा की सरकार किसान हितेषी सरकार है एवं किसानों के हर दुख दर्द को भली-भांति समझती है तथा जो किसान जैविक खेती कर रहे हैं उनका भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सम्मान करेगा तथा किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर अशोक पाराशर किसान मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष, जितेंद्र सिंह तोमर नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा, अवधेश गोयल नगर मंडल अध्यक्ष, पातीराम पटवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष, संजय फक्कड़, अखिलेश सिंह जादौन मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन महामंत्री पवन राठौर ने किया। इस दौरान राम प्रताप जादौन, बसंत बंसल, सोनेराम धाकड़, डॉ राजेश गौड़ सिंगरौली, मुनेंद्र सिंह जादौन, धर्म सिंह जादौन, हलीम खान, अशोक धाकड, बृजेंद्र सिंह जादौन, राम लखन रावत, राम प्रकाश धाकड़, राधेश्याम धाकड़, अमर सिंह धाकड़, केपी सिंह जादौन, लखपत सिंह तोमर, रामदयाल धाकड़, कान्हा शर्मा, समस्त भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता बंधु व समस्त पत्रकार बंधु, किसान बंधु, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## आचार संहिता के दायरे में मनावें रामप्रसाद बिस्मिल की पुण्यतिथि

**मुरैना।** अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की 94वीं पुण्यतिथि (शहादत दिवस) 19 दिसम्बर को आचार संहिता के दायरे में रहकर और कोविड नियमों का पालन करते हुये मनाया जाये। इस प्रकार का संदेश अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान अधिकारियों, समाजसेवी, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल प्रेमियों को दिये। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया, जनपद सीईओ अम्बाह, पोरसा श्रीमती सुमन चक चौहान, नरेश शर्मा, नेहरू युवा केन्द्र की ओर से राकेश सिंह तोमर, पुरातत्व विभाग के अशोक शर्मा, विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सरस्वती शिशु मंदिर जिला समिति सम्मेलन संपन्न

**मुरैना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्ग दर्शित एवं सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान भोपाल से संमबद्ध सरस्वती शिशु मंदिरो की प्रबन्ध समितियों का समिति सम्मेलन गत दिवस संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुरैना जिले में संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों की पांच समिति एवं पांच उप समिति के 40 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में संख्यात्मक जानकारी, कोरोना काल मे वर्तमान स्थिति, समर्पण, संस्कार केंद्र, परीक्षा परिणाम, भूमि भवन भौतिक संसाधन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्वाधीनता का अमृत महोत्सव, विद्यादान आदि पर विस्तृत चर्चा कर विचार मंथन किया गया। तीन सत्रों में संपन्न कार्यक्रम और अधिक व अच्छा कैसे हो इस विषय पर समिति पदाधिकारियों में से अमित जैन, निर्मल शर्मा, श्यामसुंदर तोमर, राम नरेश शर्मा, सुरेंद्र परमार, रामनाथ पिप्पल एवं रामसिंह मीणा ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती, ओम और भारत माता पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। प्रथम सत्र में विभाग समन्वयक अवधेश त्यागी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर अपने विचार व्यक्त किए। द्वितीय सत्र में प्रधानाचार्य द्वारा सभी को विद्यालय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। अंतिम सत्र में समारोप श्रीमती सुनीता पांडे क्षेत्रीय प्रमुख बालिका शिक्षा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश गोस्वामी एवं प्रबंधन रवि उत्प्रेती एवं उनकी टीम का रहा।




# भाजपा नेता के पर हमला कर बदमाशों ने किए फायर



**कैलारस।** कुछ समय पूर्व भाजपा नेता सुरेश शर्मा के भतीजों ने पैतृक संपत्ति ओने-पौने दाम पर भूमाफियाओं को बेच दी और अब उन्हीं माफियाओं के सहारे पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अपने सगे चाचा के यहां बंदूकों से हमला कर दिया, जिस पर से पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा की पैतृक सम्पत्ति उनके भतीजों ने भूमाफियाओं को ऑने-पोने दाम पर बिक्रीत कर दी है। जिसके बाद से श्री शर्मा गत एक माह से भूमाफियाओं के विरुद्ध अभियान छेड़े हुए हैं, जिससे भूमाफियाओं के पसीने छूट रहे हैं और वह किसी भी प्रकार से भाजपा नेता को अपने रस्ते से हटाना चाहते हैं। इसी के चलते भूमाफियाओं ने भाजपा नेता के भतीजों का ही प्रयोग कर हमले के लिए उनके घर भेज दिया, जिसमें तीन उनके भतीजे एवं दो अज्ञात लोग शामिल थे। बताया जाता है कि मंगलवार को जब भाजपा नेता अपने घर जा रहे थे, तभी घात लगाकर बैठे इन असामाजिक तत्वों ने पीछे से उन पर लाठी से हमला किया, दूसरे ने पत्थर फेंका एवं तीसरा कट्टा ताने खड़ा हो गया और दो फायर किए।

# आवास के लिए जनता का सत्याग्रह, जीत की ओर अग्रसर

## एक सैकड़ा आवास हितग्राहियों के खातों में राशि आवंटित, शेष की मंजूरी के लिए 21 दिसंबर को दिया जाएगा ज्ञापन

**कैलारस।** गत 2 माह से कैलारस नगर में आवासहीन हितग्राहियों को आवास आवंटित करने तथा शासकीय भूमि पर पीढियों से आवास बनाकर रह रहे लोगों को पट्टे और आवास देने तथा किराए से रह रहे आवासहीनों को प्लाट व आवास निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कर आवंटित करने की मांग को लेकर आवास के लिए जनता का सत्याग्रह जारी है। लगभग 10 बार नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन, ज्ञापन, धरना, देकर आवास के लिए सत्याग्रह किया है। निरंतर शांतिपूर्ण आंदोलन के दबाव के चलते कैलारस नगर में लगभग एक सैकड़ा आवास विहीन हितग्राहियों के खातों में प्रत्येक के लिए 1 लाख रूपए की राशि स्वीकृत कर बैंक खातों में आवंटित की जा चुकी है। साथ ही 11 हितग्राहियों के अधूरे पड़े आवासों के लिए भी दूसरी किस्त जारी की गई है। यह जनता के आंदोलन और सत्याग्रह की जीत है। आवास के लिए जनता का सत्याग्रह आंदोलन जीत की ओर अग्रसर है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतागण अशोक तिवारी, महेश प्रजापति, राजेश गुप्ता, इब्राहिम शाह, राजवीर धाकड़, रामबाबू शाक्य, बाबूलाल शाक्य आदि ने जनता को संघर्ष की जीत के लिए बधाई दी है। साथ ही शेष आवासहीनों के आवास मंजूर करने, आवास के पट्टे देने, किरायेदारों को जमीन के पट्टे और मकान बनाने के लिए राशि आवंटित करने की मांग को लेकर आवास के लिए जनता का सत्याग्रह जारी रखने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 21 दिसंबर को मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। माकपा नेताओं ने कहा है कि जनता की मांग पूरी नहीं हुई तो, पंचायत चुनाव के बाद अनवरत आंदोलन किया जाएगा।



# नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विशाल चौरसिया ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी**--14 दिसम्बर 2021 युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शिवपुरी में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य सुश्री आशा ग्रेस व विशेष अतिथि एवं निर्णायक श्री नवनीत उपाध्याय, श्री इन्द्रजीत मौर्य व श्री गिरीश नीखरा व कार्यक्रम अध्यक्ष उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी श्री एस.एन.जयन्त ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर मालार्पण से किया।

उपनिदेशक श्री एस.एन.जयन्त ने जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा सम्पूर्ण भारत में जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सबका साथ सबका विकास व सबका प्रयास के तहत देशभक्ति व राष्ट्र निर्माण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तर से लेकर राष्ट्र स्तर तक पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी द्वारा खण्ड स्तर पर विजेता प्रतिभागियों द्वारा जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागिता का मौका दिया गया है इससे युवाओं को एक सशक्त मंच प्राप्त हुआ है। इसके पश्चात युवा वक्ताओं को प्रोत्साहन देते हुये मुख्य अतिथि सुश्री आशा ग्रेस ने कहा कि युवाओं में वाक चातुर्य का होना अनिवार्य है व इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने का मौका मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी के कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजेन्द्र विजयवर्गीय ने कहा कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर्ता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल के सदस्य श्री नवनीत उपाध्याय, श्री इन्द्रजीत मौर्य, श्री गिरीश नीखना ने अपने निर्णय अनुसार जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री विशाल चौरसिया नरवर को




पांच हजार, द्वितीय स्थान श्री अंकेश पाठक को दो हजार व तृतीय स्थान श्री बृजेन्द्र धाकड को एक हजार रुपये का पुरस्कार हेतु चयन किया। समस्त खण्ड स्तर व जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों प्रमाण पत्र प्रदान किये।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक श्री राघवेन्द्र सिसोदिया, राकेश रावत, प्रशान्त भटनागर, परमाल दांगी, दीपक कुशवाह, विनीता लोधी, वन्दना धाकड, रानी धाकड, सुरैना दांगी, प्रीति राजपूत, सीताराम कुशवाह व शेषभान यादव आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

## विकासखण्ड बदरवास के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच पद के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु अधिकारी नियुक्त

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी**-14 दिसम्बर 2021 कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय कुमार सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 हेतु विकासखण्ड बदरवास के ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच पद के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु पंचायतों के समूह (क्लस्टर) स्तर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए है। जबकि नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार रन्नौद श्रीमती प्रेमलता पाल का कार्य क्षेत्र संपूर्ण जनपद पंचायत होगा। विकासखण्ड बदरवास के संपूर्ण ब्लॉक के पंच एवं सरपंच पद का नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु सहायक रिटर्निंग अधिकारी के रूप में उपयंत्री नगर परिषद बदरवास श्री सुलभ पाठक को नियुक्त किया गया है। इनका क्लस्टर मुख्यालय तहसील कार्यालय मुख्यालय बदरवास का कक्ष क्रमांक-दो रहेगा। ग्राम पंचायत बरखेड़ाखुर्द, बूढ़ाडोंगर, चितारा, तिलातिली, बारई, बड़ोखरा, मांगरोल, बांयगा, अटलपुर, सुमैला, खजूरी, सड़बूढ़, रिजौदी, बामौर के लिए नायब तहसीलदार बदरवास श्री दिनेश चौरसिया को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इनका क्लस्टर मुख्यालय तहसील कार्यालय मुख्यालय बदरवास का कक्ष क्रमांक-तीन रहेगा। ग्राम पंचायत खतौरा, रामगढ़, एजवारा, मडवासा, बरोदिया, झण्डी, मेघोनाबड़ा, अलावदी, इंदार, बारौद, विजरौनी, कुसुअन, पीरोठ, तरावली, गिन्दौरा के लिए कृषि विकास अधिकारी बदरवास श्री एस.के.सडैया को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इनका क्लस्टर मुख्यालय पंचायत भवन खतौरा रहेगा। ग्राम पंचायत मुढैरी, रामपुर, सालौन, अगरा, चंदौरिया, झूलना, धामनटूक के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बदरवास श्री अजय कुमार रोहित को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इनका क्लस्टर मुख्यालय शासकीय हाई स्कूल खरैह रहेगा।

## वन-टू-वन

### बसों मै 50त्न छूट का स्टीकर लगबाया राज्य सचिव विकलांग बल सौरभ बघेल के अनुरोध पर





**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड** = ज्ञात है कि मध्य प्रदेश शासन के तहत विकलांग जन को प्राइवेट एवं सरकारी बसों में 50त्न किराया माफ किया जा रहा है लेकिन फिर भी कनेक्टर आदेश की अवहेलना करके विकलांग बंधुओं के साथ अभद्रता करते हैं और उनको को बस से उतार देते हैं इस संबध मै राज सचिव ने आरटीओ अनुराग शुक्ला जी से निवेदन किया बसों स्टीकर लगवाने के लिए ऋञ्जह्र साहब ने विकलांग जन की पीड़ा को समझ कर आज सभी बसों मै स्वयं अपनी देख रेख मै स्टीकर लगबाये एवं कंडेक्टर एवं बस चालक को हिदायत भी दी की विकलांग बंधुओ को 50त्न छूट पत्येक बस मै मिलनी चाहिए नही तो बस पर कार्यबाही की जाएगी ऋञ्जह्र साहब ने विकलांग साथियों को पास भी जारी किये

### शीतला माता मंदिर पर भंडारे में 65 हज़ार भक्तों ने की प्रसादी पाई



**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे विवेक सेन पत्रकार इंदरगढ़ से**

**खबर इंदरगढ़ से**

आज इंदरगढ़ की प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा का आज विशाल भण्डारे में 65 हजार श्री शीतला माता के भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की जिसकी शुरुआत आज सोमवार 12 बजे दिन से कन्याओं के साथ सन्तों के भोजन के साथ दक्षिणा देकर प्रारम्भ किया भण्डारे की व्यवस्था मन्दिर के पुजारी अंशुल दांतरे के साथ मन्दिर कमेटी कुशल संचालक बाले महाराज जी सुरक्षा व्यवस्था नगर निरक्षक परमानन्द शर्मा पुलिस बल के साथ बराबर सुरक्षा व्यवस्था देखते रहे और नगर परिषद के मुख्य अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव भी नगर परिषद कर्मचारियों के साथ सफाई व्यवस्था में मुस्तेद रहे इस शुभ अवसर पर हमारे राज नेजा भरतीय जनता पार्टी के दतिया जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र बुधौलिया के साथ मण्डल अध्यक्ष रामलखन सिंह गुर्जर पूरी टीम के साथ रहे इंदरगढ़ की समस्त मीडिया टीम मुस्तेद रहे एवं इंदरगढ़ के व्यापारी बन्धुओं के साथ समस्त व्यवस्था पक इस कार्यक्रम के सफल समापन के बाद सभी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नाचे माँ शीतला के आंगन में झूम उठे पारीक्षत रामजी शरण शुक्ला और के नाचे।

**जय माँ शीतला माता**

### कपड़े पर जीएसटी बढ़ाने का व्यापारियों ने किया विरोध

**भोपाल।** कपड़े पर जीएसटी की दर 5 फीसद से बढ़ाकर 12 फीसद करने से व्यापारी खफा है। कपड़ा व्यापारियों ने कहा है कि टैक्स की दर बढ़ने से कारोबार पूरी तरह ठप हो जाएगा तथा महंगाई बढ़ेगी। जीएसटी बढ़ाने के खिलाफ बाजार बंद करने पर विचार किया गया है। इसके लिए व्यापारी इंदौर रवाना हुए हैं। इंदौर में आज प्रदेश भर के कपड़ा व्यापारियों का सम्मेलन हो रहा है।कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी एवं महासचिव दिनेश वाधवानी ने बताया कि कपड़े के भाव पिछले एक साल में 25 फीसद तक बढ़े हैं। इससे आम आदमी की कमर टूट गई है।

# रासायनिक खेती की बजाय प्राकृतिक खेती की ओर किसानों को 16 को प्रेरित करेंगे प्रधानमंत्री

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***गुजरात में 3 दिन का कृषि विज्ञानिको एवम उन्नतशील किसानों के साथ सेमिनार***

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्राकृतिक खेती पर गुजरात के आनंद जिले में आयोजित तीन दिवसीय कृषि सेमिनार के आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मध्य प्रदेश मैं मंडल स्तर तक किसानों को सीधे कार्यक्रम से जोड़ने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं ग्वालियर संभाग के प्रभारी एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि 14 15 एवं 16 दिसंबर को गुजरात के आनंद जिले में प्राकृतिक खेती को लेकर विभिन्न कृषि विज्ञानको एवं खेती में उन्नतशील किसानों को जोड़कर किस प्रकार रासायनिक खेती को कम करते हुए प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 दिसंबर को संबोधित



करेंगे ग्वालियर संभाग के गुना अशोकनगर शिवपुरी श्योपुर एवं ग्वालियर ग्रामीण के जिला अध्यक्षों के साथ चर्चा करते हुए गुर्जर ने कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देते हुए प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा दर्शन सिंह चौधरी के निर्देश पर प्रत्येक मंडल में इस कार्यक्रम के प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं जिसकी सूचना प्रदेश कार्यालय को प्रदान कर दी गई है 16 दिसंबर को किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिन्हें जिलों के प्रभारी बनाए गए हैं के अपने-अपने प्रभार के जिले में किसानों को सीधे इस कार्यक्रम में प्रसारण के माध्यम से जोड़ेंगे एवं उन्नतशील किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जावेगा

सभी जिला मुख्यालयों पर यह कार्यक्रम किसान मोर्चा द्वारा आयोजित किए जाएंगे उन्होंने समस्त जिला अध्यक्षों से आग्रह किया है कि वे अपने अपने मंडल एवं जिला एवं मंडल स्तर पर कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाकर मोदी जी के विचारों को सुनें द्य

## ज्ञान जहां से मिले वहां से ले लेना चाहिए: आचार्य शुक्ला

**संतोष सिंह भदौरिया**

**पुष्पनजली टुडे न्यूज़**

**गोरमी।** नगर से चार किलोमीटर दूर ग्राम बालूपुरा में चल रही भागवत कथा के तृतीय दिवस आचार्य ब्रजकिशोर शुक्ला ने कहा कि भगवान कपिल ने माता देवहुति जी को साख्य शास्त्र का विस्तार से वर्णन कराया और ब्रह्मांड का पहला विवाह कर्दम ओर देवहूति के देवपद्दति से सम्पन हुआ ओर भगवान शिव और शती की कथा का वर्णन जिसमे प्रजापति राजा दक्ष का अभिमान दूर कर के भगवान शिव के चरणों मे भक्ति मुक्ति प्राप्त कर शिव की कृपा प्राप्त की। आचार्य शुक्ला शुक्ला ने आगे कहाँ की संसार मे मूर्ख मित्र से चतुर दुश्मन ज्यादा अच्छा है इस लिये मित्रता भी देख परख के हमेसा करना चाहिये।आचार्य श्री ने आगे कहाँ की ज्ञान जहाँ से मिले उसे प्राप्त करना चाहिये बो ज्ञान आपके गुरु से पत्नी से मित्र से आपकी संतान



से कही से मिल सकता है।जीवन मे संगति का बड़ा असर होता है आप जैसी संगति मैं रहेंगे वैसे ही आचार विचार आपके अंदर प्रवेश करेंगे जीवन में आपकी उठा बैठक हमेशा अच्छे विचारों अच्छे संस्कारों एवं भगवत भक्ति एवं संस्कारों वाले लोगों के साथ होनी चाहिए जिससे आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा। जीवन में संपूर्ण विपत्तियों का अगर विनाश चाहते हो तो भगवत भक्ति अवश्य करना चाहिए।



### श्री कृष्ण रुक्मिणी का विवाह के साथ भागवत कथा सम्पन्न।

**गोपियां सामान्य स्त्री नहीं, कृष्ण की भक्त थीं-रामभूषण दास जी महाराज।**

**उमाकान्त शर्मा**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** ग्राम कुरथरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन भगवान श्री कृष्ण के महारास एवं रुकमणी का विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास श्री रामभूषण दास जी ने कहा, वास्तविकता मै ये गोपियां कौन है जो ऋषि मुनि हजारों वर्ष तक तपश्चर्या और वृम्ह चिंतन करते रहने पर भी मन मैं वसे काम को न मार सके तो उस काम को श्री कृष्णार्पण करने की इच्छा से गोपियों का अवतार लेकर गोकुल मै आ वसे। अतः ईश्वर को काम अर्पण कर निष्कामी वनों। भागवत का उद्देश्य जीव को ईश्वर मय वनाना है और उसकी प्राप्ति करना है। साथ ही आज की कथा मैं रुकमणी विवाह मैं भक्त झूमकर नाचे।

# विद्यार्थियों को दी गुड टच बैड टच नशा तथा उनकी सुरक्षा से संबंधित जानकारी

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी**-14 दिसम्बर 2021 प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एमिनेंट पब्लिक स्कूल शिवपुरी में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना सिंह द्वारा बच्चों को बताया गया कि अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श क्या होता है यदि आपके माता-पिता अथवा दादा दादी के अलावा कोई आपको शरीर के प्राइवेट भागों में छूने की कोशिश करता है तो उसे बुरा स्पर्श कहा जाएगा इसलिए बच्चों को इसे समझना आवश्यक है कि वह ऐसे स्थानों पर जहां पर कोई अनजान व्यक्ति उपस्थित है वहां अकेले में ना जाएं। साथियों उनके द्वारा बच्चों से जब पूछा गया कि यदि आप किसी लावारिस बच्चे को सड़क पर पाते हैं तो आप ऐसी स्थिति में क्या करेंगे, इस संबंध में बताया गया कि ऐसी स्थिति में उन्हें चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पर डायल करना चाहिए और अपनी लोकेशन बता देनी चाहिए



जिससे उक्त टीम बच्चों की यथोचित मदद कर सके।

श्रीमती अर्चना सिंह द्वारा बच्चों को यह भी बताया गया कि गलत लोगों द्वारा बच्चों से ट्रक एवं नशीले पदार्थों की सप्लाई भी करवाई जाती है और धीरे-धीरे बच्चों को इनका आदी बना दिया जाता है।

कार्यक्रम में श्रीमती शिखा शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बच्चों को बताया गया कि आजकल बच्चों के साथ ट्रैफिकिंग, नशा एवं अपराध करवाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है ऐसी स्थिति में बच्चों को यह पता होना चाहिए कि किसी भी अनजान व्यक्ति के द्वारा दिए गए तोहफे या किसी आने लालच में ना आए क्योंकि आपके माता-पिता के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति यदि आपको कोई लालच या सुविधा दे रहा है तो जरूर इसमें उसका कोई स्वार्थ होगा और वह इसका फायदा उठाकर आपसे गलत काम करवाएगा इसलिए कभी भी कुछ आपत्तिजनक कार्य होने की स्थिति में बच्चों को सबसे पहले अपने माता-पिता को बताना चाहिए और यदि माता-पिता बच्चों की बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं तो बच्चों को अपने अध्यापक से बात करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को अपने हॉबी कार्य को समय देने के उद्देश्य से ड्राइंग किट जिसमें कलर्स ड्राइंग बुक इत्यादि सम्मिलित थी तथा स्वल्पाहार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से भेंट किया गया।

# भाजपा भिंड जिले का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रावतपुरा धाम में आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**तीन दिवसीय आवासी प्रशिक्षण शिविर में 200 कार्यकर्ता होंगे शामिल**

**भिण्ड(ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व की योजना अनुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार 15,16,17 को भिंड जिले के विधानसभा तहसील लहार के प्रमुख धार्मिक स्थल रावतपुरा सरकार धाम में आयोजित किया जाएगा जिसमें चंबल संभाग प्रभारी विधायक बहादुर सिंह एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य,प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद श्रीमती संध्या राय विजय दुबे एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे 7 शिविरों में पार्टी कार्यकर्ताओं का 15 विषयों पर प्रबोधन होगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर अव्यवस्थाओं हेतु पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ता हैं जोकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और उनके अंतोदय



तथा राष्ट्रवाद के विचारों को लेकर हमारी केंद्र और राज्य सरकारें कार्य करती हैं ।प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और उनके नव निर्माण के लिए आयोजित किए जाते हैं भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दिसंबर माह में भिंड जिले में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी। प्रशिक्षण वर्ग में भिंड जिले से 200 पार्टी कार्यकर्ता अपेक्षित श्रेणी के साथ भाग लेंगे बैठक में पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा की प्रशिक्षण शिविर के विषयों, वक्ताओं और व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला केन्द्रों पर होने वाले प्रशिक्षण शिविरों में जिला पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्यगण, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक भी सम्मिलित होंगे। प्रशिक्षण शिविर में पार्टी की विचारधारा, केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठन की कार्यपद्धति और व्यतित्व विकास सहित 15 विषयों पर कार्यकर्ताओं का प्रबोधन होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने बैठक में कहा कि प्रशिक्षण वर्ग सर्वव्यापी उत्सर्ग स्पर्शी बने जिसके लिए जिस कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिले कार्यकर्ता अपने दायित्व का कर्तव्य निष्ठा के साथ विदर्भा करें भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा पर आधारित महत्वपूर्ण विषय पर पार्टी के वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होगा जिससे पार्टी के कार्यकर्ताओं की नींव मजबूत होती है और संगठन की रीति नीति से अवगत कराना होता है द्य प्रशिक्षण शिविर में भिंड जिले से 200 कार्यकर्ताओं को अपेक्षित रूप से आमंत्रित किया गया है जो कि रावतपुरा धाम में सुबह 9~30 बजे पहुंचकर अपना पंजीयन कराएंगे और जिसके बाद उद्घाटन सत्र की प्रक्रिया प्रारंभ होगी

## भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव गुप्ता सड़क दुर्घटना में घायल

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव गुप्ता अपने निवास स्थान से रोजिना की तरह मॉर्निंग शॉप पर जा रहे थे तभी रास्ते में तेज गति से आ रही डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिनके पैर में गंभीर चोट आई है द्य पूर्व नगर अध्यक्ष गुप्ता पैर में फैक्चर आने से तीन जगह से हड्डी टूटना बताया गया है और उन्हें पलस्तर लगा दिया गया



है और वह घर पर ही बेड रेस्ट ले रहे हैं कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर स्वास्थ्य की कामना की जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समस्त पदाधिकारी एवं स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता और वही नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व संचालक प्रेम नारायण शर्मा भाजपा सुभाष मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू एवं सानू शिवहरे भाजपा नेता गुप्ता को देखने उनके निवास स्थान भूता बाजार पहुंचे।

# जिस अधिकारी पर जिलाध्यक्ष लगा चुके भ्रष्टाचार के आरोप उस अधिकारी पर सचिव के भ्रष्टाचारों की जाँच की कमान-

**7 दिवस में जाँच रिपोर्ट देने के आदेश पर नहीं हुआ अमल?**

**भिण्ड-** जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भ्रष्टाचार ने अपनी जड़ें व्यापक रूप से फैला रखी हैं, आज कोई भी विभाग इससे अछूता नहीं है दिनों दिन बढ़ रहे भ्रष्टाचार को देखकर विनोबा भावे के कहे गए शब्द आज के समय मे सटीक बैठ रहे हैं कि ÷भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार हो गया है। भ्रष्टाचार तभी तक रहता है जब तक कुछ लोग ही करें लेकिन जब अधिकतर लोग उसे अपना लें तो वह शिष्टाचार हो जाता है।÷* बात भी बिल्कुल ठीक है भ्रष्टाचार ने व्यापक स्तर पर जन-जीवन को प्रभावित कर रखा है। नौकरशाही में, व्यापार में, समाज में, नेताओं में, राजनीति में, धर्म में यहाँ तक व्यक्तिगत, पारिवारिक जीवन में भी भ्रष्टाचार फैला हुआ है। अर्थात् विभिन्न क्षेत्रों में हमारा आचरण सचाई ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता, न्याय आदि में अनुकूल न होकर बेईमानी, झूठ, स्वार्थ और अन्याय से प्रेरित होता है। इसे दूर कैसे किया जाय, यह एक अहम् समस्या है।

हम बताना चाहेंगे कि आज ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर है विकास और मनरेगा के नाम पर कागजों में कार्य दिखा अधिकारियों से सांठगांठ कर धनराशि आहरण करना सरपंच सचिवों के लिए मामूली सी बात हो गई है, यदि कोई इसकी शिकायत भी करता है तो विभाग द्वारा भी ऐसे अधिकारी को जाँच की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है जो पूर्व से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा हो क्या ऐसे जांच अधिकारी निष्पक्ष जाँच कर भ्रष्टाचार में लिप्त सरपंच या सचिव पर कोई कार्यवाही कर पाएंगे? या मोटी रकम लेकर खानापूर्ति कर सरपंच सचिव को आरोप मुक्त कर देंगे? हम बात कर रहे हैं गोहद जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बारा की जहाँ सरपंच सचिव द्वारा किये गए भ्रष्टाचारों की खबर प्रकाशित होने के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे के जैन ने उक्त पंचायत के सरपंच सचिव के द्वारा किये गए भ्रष्टाचार की जाँच के लिए सहायक यंत्री गोहद आशुतोष श्रीवास्तव और उपयंत्री अनिल श्रीवास्तव को जाँच अधिकारी नियुक्त कर 7 दिवस के भीतर जाँच प्रतिवेदन भेजने का आदेश जारी किया।



**जिलाध्यक्ष लगा चुके भ्रष्टाचार के आरोप उसी को सौंपी जाँच की कमान?:** मजे की बात तो ये है कि जिस अधिकारी पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडौलिया ने सहायक उपयंत्री गोहद आशुतोष श्रीवास्तव पर बिना कार्य कराये लाखों रुपये का घोटाला किये जाने की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी, मनरेगा जिलाधिकारी से लेकर मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद आयुक्त भोपाल 08/11/2021 को कर चुके हैं, अब सबाल ये है कि जिस अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं क्या ऐसे अधिकारी से निष्पक्ष जाँच की उम्मीद की जा सकती है?

**जिला पंचायत सीईओ के आदेश पर नहीं हुआ अमल:** ग्राम पंचायत बारा में हुए भ्रष्टाचारों की जाँच के लिए जिला पंचायत सीईओ ने आदेश जारी कर 7 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी थी लेकिन दिए समय 17 दिवस अधिक बीत जाने के बाद भी जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई, यदि बारा पंचायत के ग्रामीणों और सूत्रों की मानें तो सचिव बेताल सिंह ने जाँच अधिकारियों से सांठगांठ कर ली है। विशिष्ट सूत्रों की मानी जाये तो जाँच अधिकारी द्वारा सचिव बेताल सिंह से मोटी रकम लेकर उक्त जांच को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, अब देखना होगा कि क्या जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत बारा में हुए भ्रष्टाचारों की निष्पक्ष जांच करवा पायेंगे या उनके आदेश की जांच अधिकारी अवहेलना कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते रहेंगे?

## वन-टू-वन




### द रुद्र फाउंडेशन ग्रुप द्वारा एक मुहिम की शुरुआत की जा रही है,

तेरा यार हूं मैं... जिसके तहत ठंड अधिक होने के कारण गरीब परिवार,बच्चे आदि जो ठंड की वजह से परेशान हैं उनके लिए कपड़े, रजाई आदि का प्रबंध कर उन्हें वितरित करने का संकल्प लिया है यदि आप भी दान करना चाहते हैं या आप भी इस मुहिम से जुड़ना चाहते हैं तो दिए गए नंबर पर संपर्क करें

+91 8269420137
+91 6260049649

### डंडोतिया पुनः बने अभाविप के जिला सोशल मीडिया प्रमुख

**संतोष सिंह भदौरिया**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् - जिला भिण्ड की नवीन कार्यकारिणी (2021-2022) घोषित हुई।



कार्यकारिणी में जिला सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक डंडोतिया को बनाया गया।। जिसमें मुख्य रुप से मध्यभारत प्रांत उपाध्यक्ष श्री शिवकुमार पचौरी जी, विभाग प्रमुख श्री शिवराज शर्मा जी और विभाग संगठन मंत्री श्री धर्मेंद्र दांगी जी उपस्थित रहे।।।

# भोपाल के 29 मंडलों में हुआ 'दिव्य काशी-भव्य काशी' कार्यक्रम



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सोमवार को प्राचीन नगरी काशी में सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण किया। पूरा देश पुरातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने वाले इस आयोजन का साक्षी बना। भारतीय जनता पार्टी द्वारा भोपाल के मंदिरों में प्रातः कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कार्यकर्ताओं तथा नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण का सीधा प्रसारण देखा और साधु-संतों, धर्माचार्यों का सम्मान किया। भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी राजधानी के नेहरू नगर स्थित करुणाधाम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सुदेश सांडिल्य महाराज का सम्मान किया और साधु-संतों, नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी स्क्रीन पर काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकार्पण कार्यक्रम का प्रसारण देखा। भोपाल के सभी 29 मंडलों में कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी रामदयाल प्रजापति, अनिल अग्रवाल, रविंद्र यति, राजेंद्र गुप्ता, किशन सूर्यवंशी राजा भोज मंडल एवं गुरु नानक मंडल में उपस्थित थे। अटल बिहारी वाजपेई मंडल में राघवेंद्र गौतम, राम बंसल, जगदीश यादव,मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, गांधी नगर मंडल में राहुल राजपूत मंडल अध्यक्ष श्रीयोगेश वासवानी, साकेत मंडल में जिला प्रभारी केवल मिश्रा, राजकुमार विश्वकर्मा, श्रीमती लक्ष्मी ग्रोवर उपस्थित रहे।

# मलखान सिंह तोमर एन. एस. एस.के राष्ट्रीय एकता शिविर में करेंगे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व...



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह** ... अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मलखान सिंह तोमर भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय नई दिल्ली राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार ,हरियाणा में दिनांक 16 दिसम्बर 22 दिसम्बर 2021 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर की ओर से मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मलखान सिंह की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर,जीवाजी विश्वविद्यालय के एनएसएस कॉर्डिनेटर प्रो रविकांत अदालतवाले, एनएसएस के जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा, महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रक्षा कम्ठान, प्रो.नेहा श्रीवास्तव,प्रो. पंकज सिंह भदौरिया एवं महाविद्यालय एवं रासेयो परिवार ने बधाई दी।

# बाल सुधार गृह में चल रहा धर्मांतरण




**जबलपुर।** जबलपुर के बिलहरी इलाके में चल रहे बाल गृह में धर्मांतरण कराने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. खास बात यह है यह आरोप खुद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने लगाया है। आयोग ने इस मामले की मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत केस दर्ज करने की सिफारिश की है। नवंबर में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने जबलपुर शहर में चल रहे बाल गृहों का औचक निरीक्षण किया था. उसी दौरान बिलहरी में खुले इस करुणा नवजीवन नाम के बाल गृह में आयोग की टीम को कई गड़बड़ियां मिली थीं.

**बाल गृह में सब कुछ उलटा पुलटा:** यह बाल ग्रह दिल्ली निवासी जिम डी चलाते हैं. ना केवल धर्मांतरण बल्कि तय मापदंडों का पालन भी बाल गृह में नहीं किया जा रहा. क्योंकि लड़के और लड़कियां एक साथ ही रहते हैं. इसलिए शौचालय भी अलग अलग न होकर कॉमन हैं. एक नियम ये है कि बच्चों के हेल्थ चैकअप के लिए नियमित रूप से डॉक्टर यहां आएं. लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है. आयोग ने जिले में बनी बाल संरक्षण समिति के रवैए पर भी सवाल खड़ा किया है। इसमें साप्ताहिक निरीक्षण का दायित्व भी नहीं निभाया है. निरीक्षण के दौरान टीम ने बाल गृह में मौजूद एक महिला का वीडियो रिकॉर्ड किया है जो बताती है कि धर्मांतरण का खेल किस तरीके से बाल ग्रह में चल रहा है. इस पूरे मामले में कलेक्टर ने जल्द कार्रवाई की बात कही है और महिला बाल विकास विभाग समेत सामाजिक कल्याण विभाग को भी ज़रूरी निर्देश दिये हैं।

**9 पेज की रिपोर्ट:** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने 9 पन्नों की विस्तृत जांच रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाले तथ्य उजागर किये हैं. जांच रिपोर्ट में बड़ा तथ्य यही है कि बाल गृह में बच्चों को बाइबिल पढ़ाई जा रही थी. बाकायदा पास्टर रोजाना छात्राओं को बाइबिल पढ़ाने के लिए आते थे और धर्म विशेष के लिए प्रेयर करने पर मजबूर किया जाता था। कमेटी ने इसके साथ-साथ बाल अधिकारों के हनन का जिक्र भी अपनी रिपोर्ट में किया है।

**एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश:** आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कलेक्टर और एसपी को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

# शिक्षा मित्र से ARP तक का सफर

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

प्राथमिक गढ़ी पंछीपाल, खेरागढ़, आगरा में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के साथ साथ मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण , विद्यालय की बालिका के जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की पहल का कार्यक्रम सम्पन्न ।

प्राथमिक विद्यालय गढ़ी पंछीपाल खेरागढ़ ,आगरा में श्रीमती ओमवती देवी जी की अध्यक्षता में महिला सशक्तीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण के साथ हुआ । उसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह सिकरवार जी ने शिक्षा मित्र से बने अकादमिक रिसोर्स पर्सन सतीश कुमार सिकरवार जी का माल्यार्पण और स्वाफा बांधकर स्वागत किया ,एवम शिक्षामित्र से अकादमिक रिसोर्स पर्सन तक पहुंचने के लिए की गई मेहनत की प्रशंसा की ।उसके बाद श्री सतीश कुमार , अकादमिक रिसोर्स पर्सन द्वारा मिशन शक्ति के बारे में महिलाओं व बालिकाओं को जानकारी दी गई।




साथ ही साथ महिला हैल्पलाइन नम्बर के बारे में बताया गया। इसके उपरांत सभी को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व बालक बालिका में भेदभाव नहीं करने , भ्रूणहत्या रोकने का संदेश देने तथा पर्यावरण संरक्षण वाली प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई। अन्त में सक्रीय माताओं ,बहनों व बेटियों का विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती लता देवी व श्रीमती प्रीति देवी जी ने माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया, साथ ही साथ विद्यालय की एक बालिका के जन्मदिन पर बालिका की माता व बालिका को पौधा भेंटकर पौधा रोपण करवाकर पर्यावरण सरंक्षण की सराहनीय पहल की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अजीत बाबू जी , श्री रणवीर सिंह सिकरवार जी ,ब्लॉक अध्यक्ष, अध्यापिका श्रीमती कल्पना तोमर , श्रीमती उषा देवी, सहित ग्राम की अन्य महिलाएं , बालक-बालिकाओं की माताएं , बालक, बालिकाएं आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग विद्यार्थियों ने किया डॉ. महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का जोधपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर–** पिछले 11 वर्षों से असहाय दीन दुःखी गरीब एवं दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित सत्य प्रेम करुणा सेवा संस्थान जोधपुर के दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा समाज के हर कार्य में अग्रणी रहने वाले, जगह जगह पर दान राशि भेंट करने वाले भामाशाह डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित का भव्य स्वागत किया गया। संस्थान के अध्यक्ष हुकमाराम भाटी ने बताया कि महेंद्र सिंह राजपुरोहित अभी 5 दिन पहले ही राजस्थान आए हैं। बहुत आग्रह करने पर भी अत्यधिक व्यस्तता के कारण उनका आगमन हमारी संस्थान पर नहीं हुआ। इसलिए हमारी संस्थान के सभी विद्यार्थी समय चलकर एयरपोर्ट पहुंचे एवं डॉ पुरोहित के सामने जाकर के फूल मालाओं के साथ में भव्य स्वागत किया गया। महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने इस संस्थान के लिए अब तक लगभग साढ़े तीन लाख का दान कर चुके हैं। जिसमें उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता कान सिंह जी राजपुरोहित की पावन स्मृति में एक कमरे का निर्माण एवं एक प्याऊ का निर्माण भी इस संस्थान में करवाया है। पुरोहित ने बताया कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि एक पराए शहर में इस प्रकार से दिव्यांग बच्चों द्वारा मेरे को मान सम्मान प्राप्त होगा, उन्होंने संस्थान को आश्वासन दिया है कि जब तक मेरे शरीर में जान रहेगी तब तक मैं इस संस्थान एवं इन बच्चों के लिए हमेशा अग्रणी रहूंगा। पुरोहित के साथ साथ में उनके परिवार के सदस्य राजेंद्र सिंह, दीनदयाल सिंह एवं गीता कंवर जी का भी स्वागत किया गया।



# यातायात प्रबंधन के लिये ठोस रणनीति बनाकर की जायेगी कार्रवाई

## मल्टी लेवल पार्किंगों में ही खड़े करने होंगे वाहन

## तीन प्रमुख सड़कों से अस्थायी अतिक्रमण हटाने की चलेगी मुहिम

## संभाग आयुक्त एवं आईजी ने यातायात प्रबंधन की बैठक में दिए निर्देश

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में यातायात प्रबंधन के लिये ठोस रणनीति बनाकर कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। शहर की सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों को पार्किंग में रखवाने की व्यवस्था के साथ ही चयनित सड़कों से अस्थायी अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाया जायेगा। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं आईजी श्री अविनाश शर्मा ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में यह बात कही।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित यातायात प्रबंधन की बैठक में नगर निगम द्वारा निर्मित सभी मल्टी लेवल पार्किंगों में सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों को शिफ्ट करने की चरणबद्ध योजना भी तैयार की गई। इसके साथ ही ग्वालियर शहर की तीन सड़कों को प्रथम चरण में चयनित किया गया। जिससे अस्थायी अतिक्रमण हटाकर उन सड़कों को यातायात के लिये और बेहतर बनाने और सड़कों का सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है।

यातायात प्रबंधन की इस महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा, एडिशनल एसपी सुश्री हितिका वासल, श्री सतेन्द्र सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अतेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।



संभाग आयुक्त श्री सक्सेना एवं आईजी श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि सर्वप्रथम शहर में निर्मित मल्टी लेवल पार्किंगों में वाहन पार्क हों, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिये पहले सात दिन वहाँ के व्यवसाइयों, रहवासियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें पूरी योजना की जानकारी दी जाए। इसके पश्चात माइकिंग के माध्यम से लोगों को आग्रह किया जाए कि वे अपने वाहन पार्किंग में रखें। उसके पश्चात ही वाहनों को उठाने एवं चालान की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि सर्वप्रथम जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी सभी पार्किंग स्थलों पर जाकर वहां की व्यवस्थायें चाक-चौबंद करें। पार्किंग स्थलों पर निर्धारित दरों को भी प्रदर्शित किया जाए। अधिकारी स्वयं भी अपने वाहन पार्किंग में रखकर देखें और वाहन रखने में किसी प्रकार की परेशानी हो रही हो तो उसे ठीक करने का कार्य भी किया जाए।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने यह भी निर्देशित किया है कि सभी पार्किंग स्थलों के आस-पास नो पार्किंग जोन के बोर्ड भी स्थापित किए जाएं। इसके साथ ही जिन लोगों के पास वाहन हैं और पार्किंग का स्थान नहीं हैं उन्हें मंथली बेस पर भी पार्किंग स्थल में स्थान उपलब्ध कराया जाए। ऐसे लोगों को चिन्हित भी किया जाए जो लोग सड़क पर ही वाहन रात में खड़ा रखते हैं।

### शिंदे की छावनी, महाराज बाड़ा और मुरार से सबसे पहले हटेंगे अस्थायी अतिक्रमण

यातायात प्रबंधन की बैठक में यह भी तय किया गया कि शहर के ऐसे प्रमुख मार्ग जिन पर अस्थायी अतिक्रमण के कारण यातायात सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, उनसे अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी ठोस रणनीति बनाकर की जाए। इसके लिये सबसे पहले तीन मार्गों को चिन्हित किया गया, जिनसे अस्थायी अतिक्रमण हटाकर उन मार्गों को और व्यवस्थित और जन आकर्षित बनाया जाएगा। प्रथम चरण में शिंदे की छावनी स्थित बृजवासी मिष्ठान भण्डार से कटीघाटी तक की सड़क, महाराज बाड़ा और मुरार बरादरी से सदर बाजार तक के मार्ग को लिया गया है।

बैठक में तय किया गया कि इन मार्गों से अस्थायी ठेले और सड़क पर छोटा-मोटा व्यवसाय करने वाले लोगों को शिफ्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। तीनों ही मार्ग के लोगों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट किया जाएगा। इन तीनों ही सड़कों पर निगम द्वारा हॉकर्स जोन पूर्व में ही निर्मित किए गए हैं। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने नगर निगम आयुक्त को हॉकर्स जोन भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं।

इन सड़कों को यातायात की दृष्टि से बेहतर करने के लिये ही चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जायेगी। प्रथम चरण में वहां के व्यवसाइयों, दुकानदारों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित होगी और उन्हें पूरी योजना के संबंध में जानकारी दी जायेगी। इसके पश्चात माइकिंग के माध्यम से भी समझाइश दी जायेगी और अगले चरण में अस्थायी दुकानदारों को शिफ्ट करने की कार्रवाई की जायेगी। बैठक में तीनों विधानसभा की प्रमुख सड़कों को चिन्हित किया गया है, जिनसे चरणबद्ध तरीके से अस्थायी अतिक्रमण और ठेलों को हटाने की कार्रवाई की जायेगी।

### कोविड प्रोटोकॉल का पालन न करने वालों पर होगी कार्रवाई

यातायात प्रबंधन की बैठक में कोविड-19 के अनुरूप व्यवहार न करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने का भी निर्णय लिया गया। इसके लिए पुलिस विभाग की ओर से चार वाहन चलाए जायेंगे जो दिन भी घूमकर मास्क न पहनने वालों के विरूद्ध चालान की कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही यातायात प्रबंधन के संबंध में भी माइकिंग के माध्यम से लोगों को समझाइश देने का कार्य करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में उपायुक्त डा प्रदीप श्रीवास्तव एवं श्री एपीएस भदौरिया ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान वार्ड 61 स्थित मोहनपुर आदिवासी बस्ती के निवासियों द्वारा पानी की समस्या के निराकरण के लिए आग्रह किया। जिसको लेकर उनका आवदेन संबंधित अधिकारी की ओर प्रेषित किया गया। वहीं वार्ड 25 मुरार स्थित लोचन नगर के निवासियों द्वारा सडक की समस्या को लेकर आवेदन दिया जिस पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई में अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित दो दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश उपायुक्त ने दिए। जनसुनवाई के दौरान विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के पेंशन हितग्राही आवश्यक दस्तावेज लेकर निकटतम क्षेत्रीय कार्यालय पर कराएं भौतिक सत्यापन

ग्वालियर। नगर निगम सीमांतर्गत निवासरत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं वृद्ध, दिव्यांग, कल्याणी (विधवा) पेंशन योजना के ऐसे हितग्राही जिन्हें 600 रुपए प्रतिमाह पेंशन प्राप्त हो रही है। इन सभी हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। सभी संबंधित हितग्राही अपने निकटतम क्षेत्रीय कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज लेकर अपना भौतिक सत्यापन कराएं। जिससे उनका भौतिक सत्यापन होकर उन्हें पेंशन का लाभ निर्वाध रुप से मिलता रहे। वहीं असहाय एवं ऐसे हितग्राही जो चलने फिरने में असमर्थ हैं उनका सत्यापन निगम कर्मचारियों द्वारा घर जाकर किया जाएगा। नगर निगम के नोडल अधिकारी जनकल्याण शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि वृद्ध, दिव्यांग, कल्याणी (विधवा) पेंशन योजना के हितग्राहियों के भौतिक सत्यापन किए जाने के लिए संबंधित हितग्राही अपना समग्र परिवार आईडी की छायाप्रति, पेंशन प्राप्त कर रहे बैंक खाते की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, यूडी आईडी कार्ड की छायाप्रति (दिव्यांग प्रमाण पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र (कल्याणी पेंशन धारक) अपने यह सभी दस्तावेज लेकर अपने निकटतम क्षेत्रीय कार्यालय में जाएं और अपना भौतिक सत्यापन कराएं।

## तानसेन समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक 15 दिसम्बर को

ग्वालियर। भारतीय शास्त्रीय संगीत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित महोत्सव तानसेन समारोह की तैयारियां जारी हैं। इसी सिलसिले में संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने 15 दिसम्बर को अहम बैठक बुलाई है। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे मोतीमहल स्थित मानसभागार में होगी। बैठक में संभाग के सभी जिलों के प्रतिनिधि एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी भी बुलाए गए हैं।

## संभागीय समीक्षा बैठक 15 को

ग्वालियर 14 दिसम्बर 2021/ संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना 15 दिसम्बर को ग्वालियर एवं चंबल संभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर सरकार के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों व योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस दिन यह बैठक दोपहर 12 बजे मोतीमहल स्थित मानसभागार में होगी।

## आदतन अपराधी सोनू उर्फ बृजराज सिंह जिला बदर

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी सोनू उर्फ बृजराज सिंह को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आदतन अपराधी सोनू उर्फ बृजराज सिंह चौहान निवासी ग्राम सिमिरिया टांका थाना घाटीगाँव को ग्वालियर जिला सहित निकटवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं दतिया जिले की सीमाओं से 6 माह तक की अवधि के लिये बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। आदतन अपराधी सोनू उर्फ बृजराज सिंह के खिलाफ घाटीगाँव थाने में संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाने का अभियान निरंतर

ग्वालियर। शहर की हर गली, मोहल्ला, कॉलोनी व बाजार स्वच्छ बनाने के उददेश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा जनसहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है तथा आमनागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी के साथ ही समझाने पर भी निरंतर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी निगम के अमले द्वारा निरंतर की जा रही है। वार्ड 53 में निगम अमले द्वारा वार्ड मॉनीटर श्री सतेन्द्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, स्वच्छता निरीक्षक श्री रामचंद्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ श्री हरप्रसाद ने मदाखलत अमले के साथ वार्ड में प्रमुख स्थानों पर भ्रमण किया तथा दुकानदारों से अपनी दुकान के बाहर दो-दो डस्टबीन रखने की समझाइश दी। इसके साथ ही बार बार समझाने पर भी गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जिसमें विभिन्न स्थानों पर जुर्माना कर 4250 रुपए की रसीदें काटी गई। वहीं वार्ड 33 में वार्ड मॉनिटर श्री महेंद्र शर्मा के निर्देशन में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री पवन धवल, डब्ल्यूएचओ रवि ने भ्रमण कर दुकानदारों को गंदगी न फैलाने की समझाइश दी गई तथा विभिन्न सिानों पर गंदगी फैलाने पर 2000 रुपए का चालान किया गया। वार्ड 54 में वार्ड मॉनीटर श्री राकेश सिंह कुशवाह के निर्देशन में गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए 1600 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ ही अन्य वार्डों में भी निरंतर गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।






# जीवन में एक बार किसी संत की पिच्छी लेने का प्रयास जरूर करें-मुनिश्री



ग्वालियर- अभूतपूर्व पावन वर्षायोग एवं जैन मिलन ग्वालियर समिति के तत्वावधान में राष्ट्रसंत वात्सल्य सरोवर मुनिश्री 108 विहर्ष सागर महाराज का 23 वां दीक्षा (उपकार) दिवस एवं मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर, मुनिश्री विधेय सागर महाराज, मुनिश्री विनयंधर सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में मुनिराजों का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह आज मंगलवार को नई स?क स्थित चंपाबाग बगीची में दिल्ली, आगरा, भिंड, नरवर, डबरा,बीना सागर से आए गुरु भक्तों ने बड़े उल्लास व धूमधाम के साथ बनाया गया।

**चातुर्मास कमेटी समिति ने कार्यक्रम ली आज्ञा, समिति किया मुनिश्री ने सम्मान**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन आदर्श कलम ने बताया कि अभूतपूर्व चातुर्मास समिति, जैन मिलन ग्वालियर एव चंपाबाग मंदिर ग्वालियर समिति के डॉ वीरेंद्र गंगवाल, सिंघई महेशचंद जैन, विकास गंगवाल, बालचंद जैन, प्रवीण गंगवाल, निर्मल पटानी, अजित वरैया, विनय कासलीवाल, अनिल शाह, मनोज जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन, संजीव जैन, धर्म वरैया, पकज बाकलीवाल, मिखिल जैन, संजीव अजमेरा आदि ने मुनिश्री के चरणों में श्रीफल भेंटकर कार्यक्रम की आज्ञा के साथ अर्शीवाद लिया। मुनिश्री ने अभूतपूर्व चतुर्मास समिति का सम्मान किया। कार्यकम का संचालन विनय कासलीवाल व पंडित संदीप शास्त्री व आभार बालचंद जैन ने किया।

**इन्होंने किया मुनिराजों के सानिध्य में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंम**

कार्यक्रम का शुभारंम मुनिश्री विहर्ष सागर जी के सानिध्य में डॉ सुरेश जैन राकेश कुमार जैन आगरा वालों ने ध्वजारोहण कर किया। भगवान के चित्र का अनावरण के सचिन महिम जैन दिल्ली एवं दीप प्रज्वलन समाज के समाजजनों ने किया। मंगलचरण अक्षय मैत्री महिला मंडल तथा मुनिश्री का पदाप्रक्षालन पंकज राजू जैन ग्वालियर परिवार, शास्त्र भेंट गिर्राज इन अहमदाबाद परिवार एवं अजय विजय जैन बी?ी परिवार ने मुनिश्री की उतारी। नब्य बालिका ग्रुप ने सांस्कृतिक भक्ति नृत्य प्रस्तुतिया दी।

**पालकी में मुनिश्री पिच्छी आई, मुनिराजों ने विहर्षसागर पिच्छिका की भेंट, इन्हें मिली पुरानी पिच्छीका**

मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज की पिच्छी पालकी में आई। विहर्ष सागर महाराज को मुनिराजों ने पिच्छी सौपी। विहर्ष सागर की पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य विजयकुमार नितिन जैन परिवार मिली। मुनिश्री विजयेश सागर की पिच्छी कोमलचंद सागर जैन को मिली। मुनिश्री विनिबोध सागर की पिच्छी सीमा मुकेश जैन एवं ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज की पिच्छिका रविन्द्र जैन सविता जैन को प्राप्त हुई। जब संगीतकार शुभम जैन ने भजन पिच्छी रे पिच्छी इतन बताया तूने कौन सा पुण्य किया है यह भजन सुनाया तो सभागार में जैन समाज के श्रद्धालू लोग झूमा उठे साथी सज्जी हुई नवनिर्वित पिच्छी को सिर पर रखाकर नृत्य किया। मुनिश्री को नई पिच्छी जैन समाज के लोगो के द्वारा दी गई।

**जीवन में एक बार किसी संत की पिच्छी लेने का प्रयास जरूर करें-मुनिश्री**

राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने कहा कि जीवन में एक बार किसी साधु व आर्यिका की पुरानी पिच्छी लेने का प्रयास जरूर करना क्योंकि ये पुरानी पिच्छी ही जीवन के अंन्त तक नई पिच्छी बनकर हमारे हाथ में आयेगी। पुरानी पिच्छी लेने वाला श्रावक होता है तो नई पिच्छी लेने वाला आर्यिक व साधु होती है। मेरी पिच्छी का परिवर्तन आपके जीवन के परिवर्तन का कारण बने। मुझे मेरे गुरूदेव आचार्य श्री विराग सागर महाराज ने मेरे हाथो में पिच्छी देकर मेरा जीवन ही बादल गया या यूँ कहूँ कि जिन्होने पिच्छी देकर मेरा जीवन अनमोल बना दिया आज ये पिच्छी ही मेरी पहचान है। ये पिच्छी ही जैन धर्म के जिन शासन की शान है।

**मुनिश्री का अष्ट द्रव्य से हुआ पूजन, संगीतमय भजनों पर गुरूभक्तो भक्ति गूँजी**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन आदर्श कलम ने बताया कि गुरू पूजन बह्मचरिणी प्रियंक दीदी, रीना दीदी व नीतू दीदी ने मंत्र उच्चरण के साथ मुनिश्री की पूजन विनोद जैन आगरा परिवार सहित जैन समाज के लोगो ने जल, चन्दन, अक्षत, पुष्प, नैवेद, दीप, धूप, फल, एवं महाअर्घ्य हाथों में सज्जी होई अष्टद्रव से अर्घ समर्पित करवायें।

# शून्य बजट पर प्राकृतिक खेती को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी का 16 दिसंबर को मिलेगा मार्गदर्शन

ग्वाल्यिर। कृषि ही मानव जीवन का आधार है। भारतीय जीवन दर्शन कृशि और ऋशि परंपरा को साथ लेकर चलने वाला है, यही हमारी सनातन परंपरा है, चूंकि भारत कृशि प्रधान देश है। भारतीय कृशि अर्थव्यवस्था ही देश की आर्थिक व्यवस्था का मेरूदण्ड है। किसानों की मेहनत, श्रम और पुरूशार्थ के बल पर ही भारत ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर अर्जित की है। उक्त बात मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री गिर्राज व्यास ने संयुक्त रूप से भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।

इस अवसर प्रदेश सहमीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, भरत दांतरे उपस्थित थे।




उन्होंने बताया कि इस परिस्थिति में खेती में बढ़ती हुई लागत को दृश्टिगत रखते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये परंपरागत कृशि विकास योजना संचालित करते हुए शून्य बजट पर प्राकृतिक खेती को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 14, 15, 16 दिसंबर को आणंद गुजरात में किया जा रहा है। जिसमें कार्यक्रम को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 16 दिसंबर को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण मंडल स्तर तक किसानों के साथ सुनने के लिए मप्र भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा कार्य योजना तय की गई है। जिसके अनुसार मंडल स्तर पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को खेती में नवाचार करने वाले किसानों को अ%छे पशु पालन करने वाले किसानों को एवं स्थानीय कृशि वैज्ञानिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए एलसीडी या टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन मिलेगा। किसान इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरणा ग्रहण करें खेती में नवाचार की ओर अग्रसर होंगे। कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, मंडी अध्यक्ष आदि जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री है। जिन्होंने 2024 तक किसानों की आय गो दोगाना करने का संकल्प लिया है। साथ ही कृशि से संबंधित अन्य क्षेत्रों में जैसे पशुपालन, मछलीपालन, मुर्गीपालन आदि के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478